भीलवाड़ा, रविवार, 17, नवम्बर, 2024

# नमस्ते राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2016/74127

वर्ष: 09: अंक: 20 | E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com | भीलवाड़ा संस्करण | पृष्ठ 08 मूल्य 4 रुपए हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र | मो. 9214417111, 8005910698



## जैसलमेर पुलिस की नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

# 3 अलग अलग कार्यवाहियों में 9 किलो गांजा और 715 ग्राम अफीम का दूध बरामद

**नमस्ते राजस्थान**

**जैसलमेर** जिले में शुक्रवार को जिला पुलिस की अलग अलग टीमों ने तीन अलग अलग जगहों पर दबिशें देकर भारी मात्रा में नशे का सामान बरामद कर 4 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया हैं। गौरतलब हैं कि पिछले लंबे समय से युवा तेजी से नशे की ओर प्रवृत्त हो रहे थे ऐसे में नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्यवाहियों की अति आवश्यकता भी थी। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने नशे के खिलाफ मुहिम चला कर एक ही दिन में 3 बड़ी कार्यवाहियों को अंजाम दिया। जिसमें जिला डीएसटी टीम, कोतवाली थाना और सदर थाना द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही कर तस्करों को गिरफ्तार किया।





### 715 ग्राम अफीम का दूध बरामद कर मुल्जिम गोविन्दराम गिरफ्तार

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक, जैसलमेर सुधीर चौधरी द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार 15 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिलने पर अल्ताफ हुसैन उनि प्रभारी थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जैसलमेर मय जाब्ता द्वारा मुल्जिम गोविन्दराम पुत्र नारायणराम जाति विश्नोई निवासी रोहिला पश्चिम पुलिस थाना सेडवा जिला बाडमेर हाल पंचमुखी मन्दिर के पास गांधी कॉलोनी जैसलमेर के कब्जा से 715 ग्राम अफीम का दूध जब्त कर मुल्जिम हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मुल्जिम से अवैध मादक पदार्थ के संबंध में विस्तृत पूछताछ व प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

### जिला विषेष टीम और सदर थाना पुलिस ने 2 किलो गांजा सहित 02 मुल्जिमान को किया गिरफ्तार

शुक्रवार 15 नवंबर को नारायणसिंह उनि प्रभारी थानाधिकारी पुलिस थाना सदर जैसलमेर मय जाब्ता द्वारा दौराने नाकाबंदी मुल्जिमान फिरदोस खान पुत्र मीठे खां जाति मुसलमान निवासी जावंध नई पुलिस थाना सदर जैसलमेर व ताराचन्द पुत्र जयराम जाति मेगवाल निवासी चान्दन पुलिस थाना सदर जैसलमेर के कब्जा से वाहन स्विफट जीजे 16 बीएन 6979 की तलाशी ली गई तो गाडी में 02 किलो 18 ग्राम गांजा जब्त कर मुल्जिमान को बाद पूछताछ गिरफतार कर पुलिस थाना सदर जैसलमेर में प्रकरण दर्ज किया गया। मुल्जिमान से अवैध मादक पदार्थ के संबंध में विस्तृत पूछताछ व प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

### पुलिस थाना कोतवाली जैसलमेर द्वारा लगभग 7 किलो गांजा सहित एक मुल्जिम गिरफ्तार

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने हेतु विशेष अभियान के तहत दिनांक 15.11.2024 को अल्ताफ हुसैन उनि प्रभारी थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जैसलमेर मय जाब्ता द्वारा मुखबीर इतलानुसार मुल्जिम प्रेमदास पुत्र शोभदास जाति वैष्णव निवासी बगते की बेरी भाचभर पुलिस थाना रामसर जिला बाडमेर हाल तोताराम की ढाणी जैसलमेर के कब्जा से 07 किलो 250 ग्राम गांजा जब्त कर मुल्जिम को बाद पूछताछ गिरफतार कर पुलिस थाना कोतवाली जैसलमेर में प्रकरण दर्ज किया गया। मुल्जिम से अवैध मादक पदार्थ के संबंध में विस्तृत पूछताछ व प्रकरण में अनुसंधान जारी हैं।

### नशे के खिलाफ बड़ी कार्यवाहियों पर जिला पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता का किया आयोजन

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर ने आज शनिवार को प्रेसवार्ता का आयोजन कर तीन बड़ी कार्यवाहियों की विस्तृत जानकारी दिन। जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर ने आमजन से अपील की कि जैसलमेर जिले में कहीं पर भी मादक पदार्थों की तस्करी, खरीद फरोख्त के संबंध में कोई भी सूचना हो तो तत्काल अवगत करवाए। सूचना देने वाले की जानकारी पूर्णतया गोपनीय रखी जावेगी। जिला पुलिस की मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। इस संबंध में प्रभारी डीएसटी को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## 67 किलो डोडा पोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार:

### चौकी पुलिस को नहीं चला पता, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज



**हनुमानगढ़**

*हनुमानगढ़ हनुमानगढ़ की पीलीबंगा थाना पुलिस ने कार में डोडा पोस्त की तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। कार से कुल 67 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गांव में पुलिस चौकी होने के बाद भी पुलिसकर्मियों को तस्करी का पता नहीं चल पाया। डीएसटी की सूचना के बाद पीलीबंगा पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पीलीबंगा थाना प्रभारी अशोक बिश्नोई ने बताया कि पीलीबंगा पुलिस थाने के एसआई मुकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान जिला विशेष टीम सेक्टर हनुमानगढ़ की सूचना पर पुलिस टीम ने जाखड़ांवाली गांव में कार्रवाई करते हुए स्विफ्ट डिजायर कार में भरा 67 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। मौके से जीतराम (29) पुत्र हजारीराम कुलड़िया निवासी वार्ड छह, गांव जाखड़ांवाली को गिरफ्तार कर कार जब्त की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई मुकेश कुमार, कॉन्स्टेबल पवन कुमार, लक्ष्मीनारायण और रिंकू कुमार शामिल रहे। इस कार्रवाई में जिला विशेष टीम सेक्टर हनुमानगढ़ की विशेष भूमिका रही।*

## 4 साल पुराने लुटेरी दुल्हन के मामले मे दुल्हन व उसकी माँ के खिलाफ कोर्ट ने लिया प्रसंज्ञान

### पुलिस ने आरोपियों को बचाने के लिए मामले को झूठा मानकर एफ आर लगाई है : कोर्ट

**नमस्ते राजस्थान**





**पाली।** शहर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सा. दंगा ) की मजिस्ट्रेट श्रीमति कविता कच्छावा ने शनिवार दिनांक 16 नवंबर 2024 को फैसला सुनाते हुए पुलिस थाना कोतवाली पाली के 4 चार पुराने लुटेरी दुल्हन के मामले मे आरोपी लुटेरी दुल्हन शिल्पा सोनी पुत्री सुरेश कुमार व उसकी माँ सुमन पत्नि सुरेश कुमार निवासी जनता कॉलोनी पाली हाल केशरसिंह गुडा गंगाजल बेरा के विरुद्ध प्रथमदृष्टया पर्याप्त सबूतों के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों को बचाने के लिए जो एफ आर लगा दी थी को अस्वीकार करते हुए पीड़ित पति दिनेश सोनी की प्रोटेस्ट पिटीशन को स्वीकार कर आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 406, 494, 120 बी भारतीय दंड सहिता मे प्रसंज्ञान लेकर लुटेरी दुल्हन शिल्पा सोनी व उसकी माँ सुमन सोनी को न्यायालय मे तलब किया है,लुटेरी दुल्हन शिल्पा सोनी ने पहले पति गणपत को छोड़कर दूसरे पति दिनेश सोनी पुत्र मोतीलाल निवासी भालेलाव से शादी कर ली फिर उसके घर से भागकर तीसरे पति सुरेश चौधरी पुत्र मगाराम निवासी केशरसिंह गुडा गंगाजल बेरा से शादी कर ली, पीड़ित पति दिनेश सोनी से शादी के लिए लुटेरी दुल्हन व उसकी माँ ने साढ़े तीन लाख रुपए, 20 तोला सोना व 300 ग्राम चांदी के गहने पीड़ित से लेकर हड़प लिए और शादी के कुछ समय बाद मौका देखकर फरार हो गई, पीड़ित पति ने न्यायालय से जरिये इस्तगाशा कोतवाली पुलिस थाने मे मुकदमा दर्ज करवाया था लेकिन पुलिस ने पीड़ित पति द्वारा रुपए व सोने चांदी के गहने आरोपीगण को देने के सबूत पेश करने पर भी गौर तक नहीं किया और एफ आर लगा दी, न्यायालय ने अपने आदेश मे हवाला दिया की पुलिस ने आरोपियों को बचाने के लिए मामले को झूठा मानकर एफ आर लगाई है, न्यायालय ने आरोपियों को 3 दिसम्बर 2024 को आगामी सुनवाई पर तलब किया है,मामले मे पीड़ित पति की ओर अधिवक्ता अरिहंत चौपड़ा, प्रवीण साहू व वीरेंद्र सिंह राजपुरोहित ढारिया ने पैरवी की।

## जहाजपुर थाने के सामने महिलाओं ने लहराईं चूड़ियां

# कस्बे में निकाला आक्रोश मार्च; पथराव मामले में विरोध-प्रदर्शन का तीसरा दिन

**नमस्ते राजस्थान**

**भीलवाड़ा।** शाहपुरा जिले के जहाजपुर कस्बे में 2 महीने पहले धार्मिक जुलूस पर हुए पथराव को लेकर विरोध थम नहीं रहा है। पुलिस पर आरोपी पक्ष पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने शनिवार को शहर के मुख्य बाजार से पैदल विरोध मार्च निकाला। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। जहाजपुर थाने के सामने पहुंचकर महिलाओं ने चूड़ियां लहराईं और थाना परिसर में फेंकी। इससे पहले शुक्रवार को कल्याण मंदिर के बाहर धरना दिया था। इसके बाद रात 9 बजे मोबाइल की टॉर्च जलाकर बाजार में विरोध मार्च निकाला था। जुलूस कल्याण के मंदिर से घास भैरू चौराहा, नौ चौक, सदर बाजार, गलगट्टी चौराहा से होते हुए कल्याण मंदिर के बाहर पहुंचा था। जहां रात में धरना दिया गया।





### जहाजपुर थाना प्रभारी नरपत राम का ट्रांसफर

शाहपुरा एसपी धर्मेंद्र सिंह ने शनिवार को एक आदेश जारी कर जहाजपुर थाना प्रभारी नरपत राम बाना का ट्रांसफर शाहपुरा कर दिया है। शाहपुरा से मनीष देव को उनकी जगह जहाजपुर थाने में पोस्टिंग दी गई है। इसके पीछे फिलहाल कारण स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन आंदोलन के बीच अचानक हुए इस फैसले की चर्चा पूरे शहर में है।

#### आज पूरे जहाजपुर में बंद

शनिवार 16 नवंबर के लिए पूरे जहाजपुर में बाजार बंद रखा गया है। व्यापारियों ने बंद का समर्थन किया है। 17 नवंबर को शाहपुरा जिला बंद करने का आह्वान किया गया है। 18 नवंबर को शाहपुरा-भीलवाड़ा जिले में संयुक्त रूप से बंद रखने का और 19 को चित्तौड़ प्रांत बंद रखने का आह्वान किया गया है। संघर्ष समिति के शशिकांत पत्रिया ने बताया- 2 महीने पहले 14 सितम्बर को भगवान पीतांबर राय का बेवान किले से आया था, जिस पर पथराव किया गया। तब से लोग अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। प्रशासन ने उन मांगों पर गंभीर कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा- पहले जो मुकदमे दर्ज हुए उनमें कोई गिरफ्तारी नहीं हुई, जिनकी गिरफ्तारी हुई वो सामान्य थे, जिन लोगों ने योजनाबद्ध रूप से पथराव में भाग लिया और साजिश रची, उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई।समिति के मेंबर ने कहा- 14 सूत्री मांगें नहीं मानी गई तो धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

#### कस्बे में पुलिस बल तैनात

जहाजपुर में पुलिस जाब्ता भी कस्बे के मुख्य बाजारों पर तैनात रहा। कई जगह पर बैरिकेडिंग और फिक्स पॉइंट लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया। गुरुवार से कल्याण मंदिर के बाहर संघर्ष समिति के युवाओं का धरना प्रदर्शन शुरू हुआ था जो आज भी जारी है।

नमस्ते राजस्थान
NAMASTE RAJASTHAN

E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com

## शिवगंज का व्यापारिक गौरव वापस लाने के लिए चांदाना सर्विस रोड जरूरी

# शिवगंज शहर से चार किलोमीटर दूर फोरलेन का सर्विस रोड होने से व्यापार हुआ प्रभावित, पलायन को मजबूर हो रहे व्यापार

## दोनों सरकार भाजपा की है यहाँ विधायक मंत्री है अब आस जगी है पर नहीं हो रही सुनवाई

## पालिका की ओर से चांदाना पुलिया तक निर्मित करवाया जा चुका है दो तरफा रोड़,लाईट की भी सुविधा है उपलब्ध

नमस्ते राजस्थान

**शिवगंज।** रियासत काल के दौरान आज से करीब 169 वर्ष पूर्व जब सिरोही के महाराव शिवसिंह ने अपनी रियासत के अंतिम छोर पर शिवगंज नगर की स्थापना की थी। उस समय उनका यह सपना था कि वे इस नगर को व्यापारिक नगरी के रूप में फलता फूलता देखे। उनका यह सपना पूरा भी हुआ। आज यह शहर पश्चिमी राजस्थान में प्रमुख व्यापारिक केन्द्र के नाम से पहचाना जाता है। इतना ही नहीं सुदूर प्रदेशों में तो इस शहर को मिनी मुंबई तक के नाम से पहचानते है। लेकिन पिछले कुछ वर्षो के दौरान या यूं कहे कि जब से फोरलेन शहर के बाहर से निकला है तब से यहां का व्यापार भी काफी प्रभावित हुआ है। नतीजतन यहां के कई प्रमुख व्यापारियों ने अपना व्यवसाय अन्यत्र स्थापित करना शुरू कर दिया है। इसकी प्रमुख वजह शहर से कनेक्टिविटी की समस्या है। फोरलेन के लिए वन क्षेत्र से होकर करीब चार किलोमीटर की दूरी होने की वजह से यहां की ग्राहकी पर भारी असर हुआ है। इस समस्या के समाधान को लेकर शहर से आधा किलोमीटर की दूरी पर चांदाना पुलिया के समीप से सर्विस रोड बनाने को लेकर शहर के प्रमुख राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की ओर से पिछले तीन साल से राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सडक परिवहन मंत्रालय से पत्र व्यवहार कर आग्रह किया गया है। मगर लंबा समय बीत जाने के बाद भी मंत्रालय से सर्विस रोड बनाने को लेकर हरी झंडी नहीं मिल सकी है। गौरतलब है कि सिरोही जिले के इस प्रमुख व्यापारिक शहर का व्यापार उस समय तक बुलंदियों पर हुआ करता था। जब शहर के भीतर से होकर राजमार्ग गुजरता था। शैने शैने यातायात भार बढ जाने की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फोरलेन निर्माण के फोरलेन बनाने की प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने के बाद व्यापारी खुश थे। वह इसलिए कि व्यापारियों को इस बात की उम्मीद थी कि फोरलेन बनने के बाद यहां का व्यापार ओर बढेगा। लेकिन हुआ इसके विपरित। शहर से बाहर होकर फोरलेन का निर्माण होने तथा शिवगंज से फोरलेन को जोड़ऩे के लिए करीब चार किलोमीटर दूर सर्विस रोड दे दिए जाने की वजह से आम जन व व्यापारियों को निराशा हाथ लगी। पहली बात तो यह कि यह चार किलोमीटर का क्षेत्र पूरा वन क्षेत्र है जहां रात के समय जंगली जानवरों का आना जाना रहता है। दूसरा यह कि पूरे मार्ग पर रात के समय घनघोर अंधेरा होने की वजह से रात के समय शहर में



आने और जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। इसके अलावा सुनसान क्षेत्र होने से लूटपाट का भी भय रहता है। इस वजह से घीरे घीरे शिवगंज का व्यापार प्रभावित होकर सुमेरपुर की तरफ परिवर्तित होने लगा। हालात यह हो गए कि आज सुमेरपुर में एक से बढकर एक बेहतरीन व प्रमुख ब्रांड की कंपनियों के शोरूम खुल गए है। जिसका असर शिवगंज के व्यापार पर पडा। परिणाम स्वरूप यहां के कई प्रमुख एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों ने अपने व्यापार के पांव अन्य बड़े शहरों में जमाने शुरू कर दिए।

### तीन साल पहले उठी मांग, चांदाना के समीप से हो सर्विस रोड

इस समस्या को लेकर आज से करीब तीन साल पहले व्यापारियों की ओर से शहर से आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित चांदाना पुलिया के पास से शिवगंज के लिए सर्विस रोड बनाने की मांग उठने लगी। इसे लेकर कई व्यापारिक संगठनों की ओर से राजमार्ग एवं सडक परिवहन मंत्रालय से पत्र व्यवहार भी शुरू किया गया। इस क्रम को आगे बढाते हुए यहां के प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी राजमार्ग एवं सडक परिवहन मंत्री नितीन गडकरी से मुलाकात एवं पत्र व्यवहार कर चांदाना के समीप से सर्विस रोड बनाने की मांग रखी मांग को मिली सफलता मगर नहीं मिली राहत हालांकि व्यापारिक संगठनों, राजनीतिक दलों व प्रबुद्ध जनों की ओर से की गई इस मांग को सफलता नहीं मिली। सडक परिवहन मंत्रालय के मंत्री गडकरी की ओर से यहां के लोगों की मांग पूरी करने का आश्वासन भी मिला। उनके मंत्रालय से इससे संबंधित फाइल मुव भी हुई मगर आज तीन साल बीतने आए सर्विस रोड बनाने की स्वीकृति संबंधी हरी झंडी अभी तक नहीं मिल पाई है। ऐसे में इस आशंका ने अपने पांव पसारने शुरू कर दिए है कि यहां का व्यापार पूरी तरह से प्रभावित नहीं हो जाए। लोगों को अब इस बात की उम्मीद है कि प्रदेश और केन्द्र दोनों में भाजपा की सरकार है। ऐसे में अब इस सर्विस रोड का निर्माण संभव हो सकता है।



### पालिका ने भी बनाया नया दो तरफा मार्ग

चांदाना के समीप से सर्विस रोड की कवायद शुरू होने के बाद आम नागरिकों की मांग पर पालिका प्रशासन ने भी शिवगंज के क्रांति चौराहे से लेकर चांदाना पुलिया तक दो तरफा चौड मार्ग तैयार करवाया है। इसके अलावा सडक के बीच डिवाइडर बनाकर वहां रोशनी के लिए भी व्यवस्था की है। ताकि रात के समय कोई भी यात्री आसानी से आवागमन कर सके।

### अब तक जा चुकी है दस जान

गौरतलब है कि शिवगंज शहर के आसपास में स्थित गांव कानपुरा, सलोदरिया, फतापुरा, कोरटा, बामनेरा, पोईना, गोला, बुढेरी, आल्पा, जोगापुरा, जोयला, रोवाडा, गोलिया सहित कई गांव है। इन गांवों में निवास करने वाले कई लोग प्रतिदिन यहां नौकरी या व्यापार करने अथवा अन्य किसी आवश्यक कार्य से शिवगंज आते है। शाम के समय अपना कार्य निबटाने के बाद वे जब अपने दुपहिया वाहनों से अपने घरों की तरफ लौटते है। उस समय सर्विस रोड नहीं होने की वजह से कई बार वे शॉर्ट कट के चक्कर में गलत दिशा से निकलने का प्रयास करते है। ऐसे में वे हादसे का शिकार हो जाते है। पुलिस विभाग के आंकडों पर नजर डाले तो अब तक इस मार्ग पर इस तरह के प्रयास में दस लोगों की जान जा चुकी है,जबकि सात से आठ लोग दुर्घटना में घायल होकर अंगभंग हो चुके है। बहरहाल, इस बार भी यह साल बीतने आया है, लोग आज भी इस उम्मीद में है कि इस बार तो उनकी इस मांग को पंख अवश्य मिलेंगे।

# अंबे माताजी बगीचे को नशेडीओ ने अड्डा बनाया हुआ है चार दिवारी पैक कर ताला लगाकर मंदिर को देनी चाहिए

## स्मेक के साथ हैंडलर को दबोचा था स्मेक बरामद हुई थी सबसे ज्यादा एमडी बिक रही है कोन रखेगा

## शिवगंज थाना में सीएलजी मिटिंग मे नशे कारोबार के विरुद्ध आवाज उठी गई थी फिर भी छुप क्यू है

नमस्ते राजस्थान

**शिवगंज।** पुलिस ने आज की शाम को अंबिका चौक में कार्रवाई को अंजाम देते हुए स्मेक बेचने के लिए सुमेरपुर से आए एक तस्कर(हैंडलर)को दबोच उसके कब्जे से 67 ग्राम स्मेक बरामद करने में सफलता हासिल की थी पुलिस निरीक्षक बाबूलाल राणा व पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देश पर मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को मुखबिर से इत्तला मिली कि सुमेरपुर से एक व्यक्ति शाम को अंबिका चौक में स्मेक बेचने के लिए आएगा। सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक बाबूलाल राणा ने अंबिका चौक में सादी वर्दी में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी। शाम करीब चार बजे तस्कर वहां आते ही इशारा मिलने पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 67 ग्राम स्मेक बरामद करते हुए उसके खिलाफ एनडीपीसी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों से शहर में स्मेक सहित अन्य प्रकार की ड्रग्स का कारोबार बढने की जानकारी मिलने के बाद से पुलिस ने अपने खुफिया तंत्र को मजबूत कर दिया था। अभियान के दौरान पुलिस ने पूर्व में भी दो बार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गांजा बचते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। लेकिन स्मेक व एमडी जैसी ड्रग्स बेचने वाले तस्कर पुलिस की



गिरफ्त से दूर थे। इस कार्रवाई के बाद उम्मीद है कि सुमेरपुर से चलने वाले ड्रग्स के रैकेट का पता चला रहे है शिवगंज अम्बिका चौक मे है सबसे ज्यादा नशेड़ी नशा कारोबारीओ ने शिवगंज के अंबिका चौक मे यह अंबे माताजी की बगीचे को अड्डा बनाया हुआ है पुलिस प्रशासन व स्थानीय प्रशासन को एक होकर यह भूमि भूमाफियाओ से मुक्त करवाकर तुरंत अंबे माताजी को सुपुर्द करनी चाहिए जिससे ताला बंदी करवाकर नशे के कारोबार पर रोक लगवाई जा सके ईस बगीचे मे नशा बिक रहा है अगर पुलिस प्रशासन की नजर रहे तो नही बच सकते तस्कर शहर मे रोजाना ड्रग्स सप्लाई खुल्ले आम हो रही है इसकी खबरे कई बार प्रकाशित होने के बाद खबर होने से मे होने के बाद ध्यान नही देना नशे कारोबार को पनपा रहे है पुलिस प्रशासन अगर रोजाना ध्यान रखा जाए तो सैकड़ा तोला एमडी गांजा ड्रग्स अफीम सहित कई नशे खुल्ले आम मिल रहा है एक कार्रवाई हुई अब रोजाना होगी तो शहर से नशा कारोबार बंद हो जाएगा तस्कर सुमेरपुर से आकर शिवगंज नही बेच सकेंगे क्यू आ रहे है सुमेरपुर से शिवगंज शहर मे नशा बेचने वाले कारोबारी अब पुलिस प्रशासन कारवाई करती है तो कभी भी एक टुकडा नही मिल सकता शिवगंज शहर मे पुलिस प्रशासन चाहे वो बंद करवा सकती है पुलिस प्रशासन

सड़कों की खुदाई से राइजिंग पाइप लाइन क्षतिग्रस्तः

# पानी की सप्लाई कई जगह हुई बाधित,लोगों को हो रही परेशानी

नमस्ते राजस्थान



**बारां** बारां में सड़कों की खुदाई से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन सड़कों की खुदाई से पेयजल लाइन और केबल क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें आ रही हैं। शहर में मांगरोल रोड बाइपास तिराहे पर गुरुवार रात को सीसी रोड निर्माण के लिए खुदाई के दौरान तीन जगह पानी की पाइप लाइन टूट गई। इससे हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। रास्ते पर पानी और कीचड़ होने पर शुक्रवार को दिनभर लोग परेशान रहे। शनिवार को लाइन से जुड़े क्षेत्रों में पानी की सप्लाई ठप रही। शहर में विभिन्न एजेंसियों की ओर से निर्माण कार्य को लेकर आपसी समन्वय के बिना खुदाई की जा रही है। जिससे पाइप लाइन और सीसीटीवी कैमरा केबल क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। आरएसआरडीसी की ओर से मांगरोल रोड सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जलदाय विभाग अधिकारियों ने बताया कि आरएसआरडीसी की ओर से खुदाई के दौरान गुरुवार रात को मांगरोल रोड पर बाइपास तिराहे के पास सड़क के नीचे से गुजर रही पेयजल की राइजिंग लाइन तीन अलग-अलग जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गई। सुबह सप्लाई के दौरान हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहने लगा। जिससे मौके पर कीचड़ फैल गया। सूचना मिलने पर जलदाय विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद लीकेज ठीक करने के लिए टीम जुट गई। शुक्रवार शाम तक भी सभी लीकेज ठीक नहीं हो पाए थे।

### टंकियां नहीं भर सकी, आज भी सप्लाई प्रभावित

जलदाय विभाग जेईएन शिवम कुमार ने बताया कि राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण मेलखेड़ी और गोपालपुरा स्थित टंकियां नहीं भर पाई। साथ ही इनसे जुड़े मेलखेड़ी, बालाजी नगर, अर्जुन विहार, किसान कॉलोनी, गोपालपुरा सहित विभिन्न कॉलोनियों में पेयजल सप्लाई नहीं हो पाई है। लीकेज ठीक नहीं होने से टंकियां नहीं भर पाई हैं। ऐसे में शनिवार को भी संबंधित क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी।

### विभागों में नहीं आपसी तालमेल

शहर में विभिन्न विभागों और एजेंसियों की ओर से सड़क निर्माण, गैस पाइप लाइन, सीवरेज लाइन और फाइबर लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इन प्रोजेक्ट्स के लिए रोड मैप आदि को लेकर कार्यकारी एजेंसियों और विभागों के बीच आपसी तालमेल की कमी का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। खुदाई में पेयजल लाइन, केबल क्षतिग्रस्त हो रही है। लापरवाही पर जिम्मेदार विभाग भी सख्ती नहीं दिखा रहे हैं।

# सरगरा समाज की धर्मशाला के आसपास की जमीन समाज के लिए आरक्षित रखनी चाहिए

## ग्रीन बेल्ट में मास्टर प्लान के विपरीत गुलाब कोठारी व उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आवासीय योजना कैसे स्वीकृत हो गई

पिछली जमीन जो एससी की है फिर ईस संतोषी विहार कोलोनी को ओबीसी वाले काटकर भूमाफिया करोडों रुपए कमाई कर रहे हैं

## वरिष्ठ नगर नियोजक जोधपुर की मिलीभगत से अवैध कोलोनिया पनप रही है बडी रकम लेकर उल्टा सीधा कार्य करने इनके विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए

नमस्ते राजस्थान

**शिवगंज** उपखंड क्षेत्र के कामबेश्वरजी महादेव मंदिर सड़क पर एससी की जमीन जनरल ओबीसी वाले अपने नाम की पोवर एंटनी लेकर कोलोनीया काटी गई है वह शहर के मास्टर प्लान शिवगंज सुमेरपुर 2011- 31 में ग्रीन बेल्ट में कॉलोनी काटी गई कैसे काटी कोलोनी इसकी जांच होनी जरूरी है क्योंकि भूमाफियाओ ने धन देकर उल्टा सीधा काम तो कर दिया पर इन्होंने यह नहीं सोचा कि इसके मुख्य सड़क पर हीरागर सरगरा समाज की धर्मशाला है इस धर्मशाला में हर वर्ष बड़े-बड़े कार्यक्रम होते रहते हैं उसमें आने वाले सैकड़ो लोगों को बड़ी समस्या होती है पर सरकारी अधिकारियों को यह पता नहीं कि यह पीछे वाली वह पास वाली जमीन सरकारी है तो इसमें कैसे कॉलोनी कट गई और प्लोटो की रेट लाखों रुपए रख दी प्लाट बेचने चालू भी कर दिए इन भूमाफियाओ ने क्योंकि संतोषी विहार नामक कॉलोनी रखकर इस धर्मशाला का मुख्य द्वार पर अतिक्रमण कर दिया क्योंकि धर्मशाला के चारों तरफ नो नो मीटर साइड बैक भूमि पड़ी थी वह कहां गई या तो हो सकता है इन भूमाफियाओ ने खरीद ली या अधिकारियों पर दवाब देकर यह उल्टा काम करवा दिया क्योंकि यह बडगांव क्षेत्र है इसमें तरमीम के नाम पर लाखों रुपए बटोरे गए यहां किसान दुखी है और भूमाफियाओ मजा कर रहे हैं लाखों रुपया लेकर किसी की जमीन किसी पर बताकर अतिक्रमण करवा दिया बडगाव क्षेत्र में किसानों के मुताबिक व राजस्व मुताबिक 2000 बिघा जमीन गोचर भूमि पडी थी वह सैकड़ो बिधा भूमि फॉरेस्ट विभाग की लैंड की थी पर माने हुए भूमाफियाओ ने धन के बल पर यहां के पटवारी राजस्व निरीक्षक को अधिकारियों को खरीद कर अपने नाम की करवा दी क्योंकि गोचर भूमि गौमाता के लिए आरक्षित होती है उस पर दूसरे के नाम पर जमीन बताकर यह फजीर्वाड़ा कर दिया अधिकारियों ने लाखों रुपए लिए होंगे फोकट करने जैसे एक भी अधिकारी नहीं है पर भूमाफिया की ?10 हजार रुपये बिधा की जमीन का सीधा 10 लाख रुपया बिधा हो गई तो वह क्यों नहीं देंगे पैसा इनको क्योंकि इन कर्मचारियों ने ही यहां के धन्ना सैठो से सेट हो वह भूमाफियाओ को बता दिया होगा कि यह गोचर भूमि है आपका नाम की मैं करवा दूंगा आप इतना सामान पहुंचा देना सामान लेने में यहां के पटवारी ने कोई कसर नहीं छोड़ी क्योंकि इनके बीच में भी दलाल सक्रिय थे पैसा दलाल लेते थे और इंनके घर पर पहुंचा देते थे यहां के कर्मचारियों ने बड़ी-बड़ी जमीन ले ली बड़ी-बड़ी गाड़ियां में वह बंगले बनाकर आनंद करते हैं किसान बेचारे रो रहे है क्योंकि जमीन किसानों की गई है और यह भूमाफियाओ किसानों को दबाकर उनको पीछे की तरफ धकेला गया क्योंकि आगे जमीन किसानों की थी वहां पर तरमीम की हो गई और गोचर भूमि अपने नाम की करवा कर किसानों के साथ बड़ा भीतरी घात किया क्योंकि शिवगंज क्षेत्र के आसपास गांव में बड़गांव गांव में तरमीम के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है किसान परेशान है कही ने न्यायालय का सहारा लिया की तरमीम वापस करवाई जाए पर प्रशासन नहीं सुन रहा है क्योंकि सब धन के आगे नतमस्तक है अगर ऐसा ही चला रहा तो किसानों को आत्महत्या करनी

पड़ जाए क्योंकि उनके जमीन पर दूसरे बैठकर बड़ी खेती कर रहे हैं किसान चुपचाप जमीन को देखकर वापस जा रहा है क्योंकि उनके हक की जमीन वह प्रशासन की धमकी के आगे किसान छुप हो गया बड़गांव तरमीम अभी 2022-23 में हुई है और इतने सालों तक नहीं होना इसका फायदा इन भूमाफियाओ ने उठाया है जब तरमीम हुई तब अधिकारी कौन-कौन थे उनके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए और किसानों को भूमिहीन किया है उन्हें वापस अपनी जमीन पर बैठाना ही उचित रहेगा नहीं तो किसान आंदोलन की राह पर आ जाएगा वह प्रशासन को गोचर की भूमि वापस गौशाला के नाम पर खुली रखनी चाहिए 2000 बिधा जमीन से 16 बीघा जमीन कैसे हो गई यह हजारों बिधा जमीन कौन खा गया समझ जाओ कितना धन पहुंचा होगा अधिकारियों व पूर्व विधायक तक क्योंकि कहां पर 2000 बिधा और कहां 16 बीघा जमीन आ गई 2000 बिधा जमीन कितनी बड़ी हुई लाखों रुपया बिधा के भाव से अधिकारियों ने व नेताओं ने मिलकर लिए धन ईस धन की वसूली वापस होनी चाहिए क्योंकि यहां पर बैठे पूर्व विधायक ने भ्रष्टाचार करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी इसीलिए उनके विरुद्ध भी कार्रवाई कर के गरीबों को वापस अपनी जमीन दिलानी चाहिए वह भूमाफियाओ के विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए गोचर भूमि पर अतिक्रमण हटाकर गौमाताजी के लिए खैतीवाडी करनी चाहिए इनका क्या कहना है


शिवगंज से बड़गांव जाने वाले सड़क पर वह मास्टर प्लान के बहार सरगरा समाज की धर्मशाला के पीछे एससी की पड़ी जमीन एक शहर के धन्ना सेठ ने खरीद कर कॉलोनी स्वीकृत करवाकर पट्टे बेचने भी चालू कर दिए पर यह भूमि एससी की थी कैसे ओबीसी के नाम की हो गई इसलिए उनके विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए वह इस कॉलोनी को खारिज कर जमीन को सरगरा समाज को दी जाए वह पास के मास्टर प्लान रोड से बहार यह ग्रीन बेल्ट जमीन में कॉलोनी स्वीकृत कैसे हुई इतना धन लिया होगा एसटीपी ने इन सभी की जांच करवा कर दोषी अधिकारी व भ्रष्टाचार्यों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए वह इन भ्रष्टाचारियों को जेल भेजना चाहिए इस भूमि को तुरंत ऐससी को देनी चाहिए धर्मशाला का भाग बढ़ सके नहीं कि यह इस रोड पर आकर कब्जा कर लेंगे उनकी जमीन पीछे है तो पीछे लेनी चाहिए तुरंत कार्रवाई करावे

**जैसाराम माली अध्यक्ष जवाई पर्यावरण एव वन विकास समिति शिवगंज**






### 2 हजार बिधा जमीन गोचर की थी बडगॉव राजस्व गाँव मे भूमाफिया खा गएँ पटवारी हाथों नाम करवा दी अब 16 बिधा जमीन ही बची है बडगॉव मे गोचर की भूमि








निजी कंपनी का विरोध, विधायक भाटी ने धोरों में गुजारी रातः

## प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को पुलिस से छुड़ाया, बोले- विरोध करने का अधिकार सभी को

**जैसलमेर** जैसलमेर में 15 दिनों से ओरण (संरक्षित जमीन) भूमि को को बचाने के लिए ग्रामीण दो सप्ताह से धरने पर हैं। शुक्रवार को शिव (बाड़मेर) से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी मौके पर पहुंचे। वे धरने में शामिल हुए और ग्रामीणों के साथ धोरों में ही रात गुजारी। इससे पहले शुक्रवार दोपहर को पुलिस और रविंद्र भाटी में हल्की बहसबाजी भी हुई। दरअसल, जैसलमेर के बईया गांव में निजी कंपनी ग्रिड सब स्टेशन (ऋ्रर) का निर्माण कर रही है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि ओरण की जमीन को पहले सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। विरोध प्रदर्शन के बीच शनिवार सुबह रविंद्र भाटी कलेक्टर प्रताप सिंह से मिले। भाटी ने कलेक्टर से मुलाकात के बाद कहा- जब तक संतोषप्रद जवाब नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। भाटी ने ग्रामीणों को पुलिस की जीप से उतरवाया पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शन खत्म करवाने के लिए दो ग्रामीणों को जीप में बैठा लिया। पुलिस की कार्रवाई से नाराज विधायक भाटी ने दोनों को जबरन उतार लिया। भाटी ने कहा- लोकतंत्र में विरोध करने का सबको अधिकार है, आप गिरफ्तार नहीं कर सकते। हालांकि पुलिस का कहना था कि दोनों ग्रामीणों को गिरफ्तार नहीं किया गया था। इससे पहले भी पुलिस ने 14 लोगों को पकड़ा था। इसे लेकर शिव विधायक ने थाने में धरना देकर लोगों को छुड़ाया था। अधिकारियों को कहा- आप जनता को लेकर जवाबदेह हैं या कंपनी को लेकर धरना स्थल पर बैठे भाटी ने अधिकारियों से पूछा- ये जीएसएस आप किसके लिए बनवा रहे हैं? ये सरकार नहीं बना रही है। ये तो मल्टीनेशनल कंपनी बना रही है। यहां बिजली का संकट कितना है ये आपको पता है क्या? शिव विधायक ने प्रशासन से बात करते हुए कहा- हमारा उद्देश्य कानून-व्यवस्था तोड़ने का नहीं है।

उन्होंने कहा- अगर आप हमें लिखित में देते हैं कि ओरण जमीन को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा तो हम आपके सामने काम शुरू करवाएंगे। जब तक लिखित में नहीं देते हो यह काम शुरू नहीं होगा।आप जनता को लेकर जवाबदेह हैं या कंपनी को लेकर। राजस्थान में जितनी बिजली की खपत होती है

# औषधि विभाग की सुमेरपुर में कार्रवाई, नियमों की पालना नहीं करने पर मेडीकल स्टोर्स का लाईसेंस निलंबित


## सुमेरपुर के सानिया मेडीकल एंड जनरल स्टोर्स में पाई गई भारी अनियमितताएं, फार्मासिस्ट की ओर से संतुष्टीपूर्वक जवाब नहीं दिए जाने पर विभाग ने की कार्रवाई

सप्तगिरीश्वर अस्पताल के बाहर संचालित हो रहा है मेडीकल स्टोर्स

शेड्यूल एच 1 की दवाईयों का रिकॉर्ड भी नहीं था संधारित

नमस्ते राजस्थान

**सुमेरपुर।** खुदरा औषधि वितरण में भारी अनियमितता करने और विभाग की ओर से निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट के अनुपस्थित पाए जाने पर कार्यालय औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक पाली ने सुमेरपुर में सप्तगिरिश्वर हॉस्पीटल के बाहर संचालित हो रहे सानिया मेडीकल एंड जनरल स्टोर्स का औषधि वितरण लाईसेंस दस दिनों के लिए निलंबित कर दिया है। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाने में भी दी गई है। जानकारी के अनुसार सहायक औषधि नियंत्रक सुनील कुमार मित्तल के निर्देश पर औषधि निरीक्षक दिनेश कुमार सुथार ने विगत 4 अक्टूबर को सप्तगिरिश्वर हॉस्पीटल के बाहर संचालित हो रहे सानिया मेडीकल एंड जनरल स्टोर्स का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान मेडीकल स्टोर्स पर फार्मासिस्ट ऋषांक सोलंकी एवं राकेश दोनों अनुपस्थित पाए गए। मेडीकल स्टोर्स पर बिना फार्मासिस्ट की मौजूदगी के दवा का वितरण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान बिल बुक का भी संधारण नहीं किया हुआ था। इसके अलावा शेड्यूल एच 1 रजिस्टर का भी मेडीकल स्टोर में संधारण नहीं किया हुआ था। विभाग के अनुसार निरीक्षण के दौरान ये कमी पाई जाना औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 सहित अन्य सपठित धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन है। औषधि निरीक्षक की ओर से सानिया मेडीकल स्टोर्स के निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं की रिपोर्ट सहायक औषधि नियंत्रक को भेजी गई थी। निरीक्षण में अनियमितता पाए जाने पर सहायक औषधि नियंत्रक की ओर से 9 अक्टूबर को संबंधित फार्मासिस्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका फार्मासिस्ट की ओर से 24 अक्टूबर को जवाब पेश करते हुए व्यक्तिगत सुनवाई नहीं चाही गई। नोटिस के जवाब में लाईसेंसी की ओर से स्वयं ही गलती स्वीकार किया है। लाईसेंसी की ओर से प्रस्तुत किए गए जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर सहायक औषधि नियंत्रक ने प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 66 के तहत फर्म का लाईसेंस 25 नवंबर से 4 दिसंबर 2024 तक निलंबित कर दिया। सहायक औषधि नियंत्रक ने इसकी सूचना पुलिस थाना सुमेरपुर को देते हुए कार्रवाई के लिए इमदाद उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है।



# पालिका प्रशासन ने नक्शे में जनता के लिए छोडी गई सुविधा की भूमि पर से अतिक्रमण क्यू नही हटाती है

## क्या पालिका अधिकारी व अध्यक्ष भूमाफियाओ के हाथों फैसेलिटी व ओपन लैण्ड बेच रहे हैं

खरबो रुपए की जमीन जो आम जनता की होती है वह लाखों मे बेचकर अधिकारी चले जाते हैं पर शिवगंज की जनता को भुगतना पड रहे है बिना सुविधा से

## ओपन लैण्ड भूमि अपने नाम कर दी करण नगर मे तब ही यह भूमाफियाओ व अधिकारी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज होना चाहिए..













**नमस्ते राजस्थान**

**शिवगंज** नगर पालिका क्षेत्र व पैरा फेरी क्षेत्र में काटी गई कॉलोनीओ की ओपन लैंड भूमि पर अतिक्रमण करवाकर आगे बेचा जा रहा है ओपन लैण्ड भूमि को लेकर वह करवाया गया भूमाफियाओ के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर पालिका प्रशासन कब कार्रवाई करेगी क्या ऐसा ही चलता रहेगा रवैया सत्ता बदली रवैया नही बदला इसका फायदा पर उतरे कांग्रेसी क्योंकि कांग्रेस कार्यकाल में खूब घोटाला हुए जितनी सरकारी जमीन पड़ी थी उसके पट्टे बनाकर उन्होंने गरीबों को बेच दिया जैसे खसरा संख्या 131 बड़गांव जमीन की जांच करवाई जाए वहां पर नदी किनारे पर पड़ी जमीन फर्जी तरमीम करके उसका पट्टा बनाकर दे दिया जैन परिवार के नाम का वह एक जैन ने मिलकर 1900 फीट का पट्टा एक जगह का बना कर ले लिया और एक अन्य जगहों पर कब्जा करके वहां का पट्टा बनाने के लिए रात दिन कोशिश कर रहे हैं उसका पट्टा नहीं बनाएं पर उस जमीन पर अतिक्रमण कर दिया उसी के पास में तीन कॉलोनी कटी हुई थी लक्ष्मी कीर्ति नगर कपूर सोसाइटी एम एम रेजिडेंस उसकी ओपन लैंणड कहां गई उस ओपन लैंड पर लोगों ने कब्जा कैसे कर दिया इसी के साथ की शिवगंज शहर की जवाई नदी के किनारे पर जितने भी सरकारी जमीन पड़ी है उन सभी की जांच करवाई जाए वह शहर में शांति नगर अंबिका कॉलोनी वह शिव कॉलोनी की ओपन लैण्ड एक जगह पर होने से एक बड़ा चौक बन गया पर इस चौक में कई जगह पर कब्जा हो गए लोगों ने चौक की तरफ मुंह दरवाजे खोल दिया जो नहीं होना चाहिए ऐसे ही आनंद नगर गली नंबर 1 की ओपन लैण्ड गली नंबर 3 की ओपन लैण्ड वह गली नंबर 4 की ओपन लैण्ड पर लोगों ने कब्जा कर लिया है वह पट्टा बना दिया है इसी के साथ राणावत कॉलोनी की तीन या चार टुकड़ों में काटी गई उसकी ओपन लैण्ड कहां गई सबसे बड़ी श्रीजी कॉलोनी जिसकी आदि से ऊपर सरकारी जमीन पर लोगों ने कब्जा कर दिया वहां पर राजनेताओं ने ही कब्जा किया है ईसी के साथ गोकुलवाडी बजुरिया जाव पुरीजी जाव करण नगर की ओपन लैण्ड लोगों ने बेचकर खा गए वह शिवम नगर उसके आगे रूप रजत वह शिव शक्ति व पास में एक कॉलोनी और है उसकी ओपन लैण्ड पर लोगों ने कब्जा कर दिया उसी के आगे बजुरिया जाव में जितनी भी कॉलोनी काटी गई है उन सभी ओपन लैंड वह फैसिलिटी की जमीन कहां गई किसी के आगे छावनी क्षेत्र में वह मेणवाड़ा के पीछे हरिओम कॉलोनी सरस्वती कॉलोनी अंबिका कॉलोनी पुण्योदय नगर सहित और कॉलोनी जो आसपास में पड़ी है उसे सभी की ओपन लैंड वह भूमाफियाओ ने बेचकर खा गया तहसील के पीछे शुख बिहार कॉलोनी की ओपन लैंड जमीन को बेचकर खा गए लक्ष्मी नगर सहित अन्य कॉलोनी जैसे कलापुरा वुडलैंड होटल के पीछे कुटुम कॉलोनी मंडार कॉलोनी नाकोड़ा नगर नाकोडा कॉलोनी इसके बाद शिवगंज की संपूर्ण कॉलोनीओ की जांच करवाई जाए तो इस कॉलोनीओ में पड़ी ओपन लैण्ड व फैसिलिटी व सरकारी अन्य सुविधाओं की जमीन पर भूमाफियाओ ने कब्जा कर दिया या बेचकर खा गए नहीं छोड़ रहा है एक इंच भी जमीन क्योंकि उनको पता है शिवगंज की जमीन का भाव आसमान में है स्क्वायर फिट के हजारो रुपए है तो वह लोग क्यों नहीं छोड़ेंगे ऐसे ही शिवगंज से वैरा जैतपुरा सड़क जो मास्टर प्लान के अंदर वह पैरा फेरी में ग्रीन बेल्ट में काटी गई कॉलोनी की ओपन लैण्ड सबसे पहले बिकी है केसरपुरा के अंदर होकर खेजडिया जाने वाले रास्ते पर काटी गई कॉलोनी उसकी भी ओपन लैंड भूमि को बेचकर खा गए केसरपुरा से कामबेश्वरजी रोड व नेहरू नगर से बड़गांव रोड शीतला माता चौक से बड़गांव तक वह बड़गांव में काटी गई कॉलोनी जो ज्यादातर नियमों की विपरीत कॉलोनी हुई है उन सभी कॉलोनी की जांच करके उनकी पहले वह सुविधाओं की जमीन पर पहले कब्जा कर देना चाहिए या उसकी चार दिवारी करनी चाहिए या तारबंदी करके पालिका को अपना बोर्ड लगा देना चाहिए क्योंकि एक कॉलोनी किसकी सड़क 30 फीट से कमी है कहीं पर 20 फीट कई पर 10 फीट उसके भी पालिका ने पट्टे जारी कर दिए उसकी भी जांच होनी चाहिए बड़गांव रोड पर एक कॉलोनी जो सो मोटो के दिए पट्टे जारी किया वह सभी फर्जी पट्टे क्योंकि 100 मोटो के अंतर्गत उस कॉलोनी में 10% मकान बनने आवश्यक हो या उस कॉलोनी का विकास किया हो तो उसके पट्टे पालिका बनाकर दे सकते हैं और इस कॉलोनी में एक भी मकान नहीं बना था उसके बाद उसके ऊपर तैयारी कर दिए तो कितना बड़ा भ्रष्टाचार हुआ होगा तुरंत इसकी जांच होनी चाहिए वह भ्रष्टाचारियों को जेल भेजना चाहिए और बडगॉव रोड में कई कॉलोनी ऐसी है जो पालिका में उसकी पत्रावली भी नहीं लगी उसके ऊपर उसको घुमाकर कृषि रजिस्ट्री करवा कर गरीबों के साथ धोखा कर रहे है सस्ते भाव में बताकर लोगों को लूट रहे है इन सभी की जांच पालिका प्रशासन को करनी चाहिए और जो फर्जी कॉलोनी है उस पर जेसीबी से सफाई करवा कर वहां पर पालिका को अपने बोर्ड लगाने चाहिए जिससे गरीब लोग नहीं फस सके तो उनके साथ के धोखा ना हो सके

## ईनका क्या कहना है

*क्योंकि नगर पालिका क्षेत्र में सबसे ज्यादा धोखाधड़ी कर रहे हैं क्योंकि उनकी जमीन नहीं फिर भी वह बेचकर लोगों से एग्रीमेंट पर पैसा लेकर बताकर बेच रहे हैं सबसे बड़ा घोटाला कर रहे भूमाफियाओ की जांच होनी चाहिए एससी एसटी की जमीन लेकर उसकी जनरल ऑफ अटॉर्नी लेकर पार्टी अपने नाम पर करवा कर एससी एसटी लोगों के साथ धोखा कर रहे हैं कॉलोनी की जांच करवा कर जिसमें पावर ऐटनी लगी है उन सभी कॉलोनीयों को खारिज करना चाहिए वह एससी एसटी की गरीब लोगों के साथ की गई धोखाघड़ी में वापस जमीन उनके नाम की करनी चाहिए तब जाकर इन भूमाफियाओ को पता चलेगा कि आम लोगों के साथ धोखा नहीं कर सके और एससी एसटी के लोग गरीब होते हैं उनके साथ धोखा कर रहे हैं इससे सस्ती जमीन खरीद कर बड़ी-बड़ी कॉलोनी काटकर लाखों रुपए लूट रहे इनके विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए और इन भूमपियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज होना चाहिए*

*जैसाराम माली अध्यक्ष पर्यावरण एवं वन विकास समिति शिवगंज शिवगंज से पालड़ी जोड़ सड़क पर काटी गई कॉलोनी जो बड़ी कॉलोनी आर्यावर्त कॉलोनी के ई डब्ल्यू एस एल आई जी के भूखंड वह फैसिलिटी बगीचे की भूमि पार्क की भूमि को बेचकर खाने वाले उसके मालिक के विरुद्ध कारवाई होनी चाहिए वह सत्संग भवन वाली सड़क पर कॉलोनी की ओपन लैण्ड फैसिलिटी की जमीन पर कब्जा करना चाहिए ऐसे ही इस सड़क पर जितने भी कालोनी काटी गई है उन सभी ओपन लैंड फैसिलिटी अन्य सुविधाओं की जमीन पर चारदीवारी बनाकर तारबंदी कर पालिका को अपना कब्जा करना चाहिए*

## सीमा देवी माली पार्षद नगर पालिका शिवगंज

*नगर पालिका क्षेत्र चांदाना रोड पर कॉलोनी वह इस पर सरकारी जमीन गोचर नाडिओ व नदीयो नालों की भूमि पर हुए अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त करवाना चाहिए वह रिको के आसपास कांटी गई कॉलोनी सभी की ओपन लैण्ड जमीन वह मास्टर प्लान रिंग रोड मास्टर प्लान सड़कों पर रिको के प्लॉटो की जांच होनी चाहिए वह मास्टर प्लान व गुलाब कोठारी के आदेशों के विपरीत कार्यवाही के पट्टो जो नियमों के विपरीत जारी किए गए सभी पट्टो को खारिज करना चाहिए वह सरकारी जमीन बिलानाम भूमि पर अन्य सुविधाओं की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को पालिका को मुक्त करवाने चाहिए वहां पर लोहे के बड़े बोर्ड तारबंदी कर उन्हें कब्जे मे लेना चाहिए*

***कमलसिंह चौहान गौ रक्षक व्यापारी उद्यमी रिको शिवगंज***

# जिला कलेक्टर व उपखंड अधिकारी के आदेश के बाद क्यू नही हटाया अतिक्रमण व अंबे माताजी मंदिर की भूमि को भूमाफियाओ से मुक्त क्यू नही करवाया जा रहा है

**खसरा संख्या 108,109,रकबा 1 बिधा 16 बिस्वा भूमि बगीचे व बिलानाम भूमि का कब्जा मे अंबे माताजी की भूमि माताजी के नाम करनी चाहिए**

## शहर के भूमाफियाओ ने 1 बिधा 16 बिस्वा भूमि अंबे माताजी की जमीन पर कब्जा कर लिया है


**ईस भूमि पर से कब्जा हटाकर अंबे माताजी की धर्मशाला बनाने की स्वीकृति प्रदान करावे**


## शहर के करोड़ों की भूमि पर अतिक्रमण करवाकर चार दिवारी कर दी है ईसमे जो कुआँ व अवाडा को ओपन कर पशुओं व गाँव के लोगों के लिए पिने के पानी की वयवस्था करनी चाहिए ...

नमस्ते राजस्थान

**शिवगंज** शहर के अंबे माता मंदिर की बगीचे की भूमि पर कुछ धंना सैठो व माने हुए भूमाफियाओ ने कब्जा कर रखा है यह भूमि शिवगंज शहर के राजस्व खसरा संख्या 108 व खसरा संख्या 109 जो एक बिधा 16 बिस्वा भूमि है यह भूमि आज करोड़ों रुपए की है धन्ना सैठो ने अपनी नजर इस भूमि पर डालकर अंबे माताजी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है अंबे माताजी की भूमि जो इस भूमि से आय होती थी उस मंदिर की पूजा वह पुजारी का घर खर्च चलता था वह शहर के कुछ सेठ लोग मिलकर वह मंदिर के कुछ नेताओं ने मिलकर यह भूमि आगे के आगे बिकवा दी गई है जो नहीं हो सकता वह भी हो रहा है इसमें खुलेआम लोकायुक्त जयपुर में मामला विचाराधीन चल रहा है उस पर जिला कलेक्टर महोदय ने इस पर से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था उपखंड अधिकारी शिवगंज वह तहसीलदार महोदय ने सब निर्देश दिया था कि यह अतिक्रमण हटाया जाए जमीन पर से जिसका भी अतिक्रमण है वह ध्यान नहीं दिया प्रशासन ने किया जाए पर सैठो के आगे सब मस्तक है क्योंकि शहर के बीच में यह भूमि है वह यह भूमि और यह भूमि करोड़ो रुपए की आज के हिसाब से है इसी के एक तरफ बहार नगर पालिका के कैबिन उन्हें भी इन लोगों ने खरीद लिया जो सरकारी केबिन खरीद नहीं सकते पर करें क्या मजबूर है यह सब लोग क्योंकि प्रशासनिक इंन के आगे नतमस्तक है तो जनता क्या करेगी जनता सिर्फ लड़ सकती है यहीं से राजस्व रिकॉर्ड में है शिवगंज के राजस्व निरीक्षक के द्वारा इस पर के कही बार फर्जी रिपोर्ट पेश की गई थी उसके बाद भी प्रशासन में कोई कार्रवाई नहीं की वह आज भी यह सेठ लोग कब्जा करके बैठे हुए अंबे माता मंदिर के नवरात्रि में डांडिया रास कार्यक्रम के लिए वह जगह छोटी पड़ रही है हमें अंबे माताजी की जमीन होने के बाद भी यहां पर डाडिया राज नहीं कर सकते क्योंकि सरकारी अधिकारियों ने इन सैठो को संरक्षण दे रखा है इस जमीन के ऊपर से अतिक्रमण नहीं हटाना अंबे माता मंदिर के साथ धोखा कर रही है पर अंबे माता इनको माफ नहीं करेगी पर शहर की जनता अब बड़ा आंदोलन करेगी नहीं तो मजबूर होकर हमें कुछ बुरा करना पड़ेगा या उच्च न्यायालय का सहारा लेना पड़ेगा तब जाकर अतिक्रमण हटेगा अंबे माता के मंदिर की भूमि जो बगीचे के नाम से आरक्षित थी कुए के नाम से भी थी जो आज भी है राजस्व रिकार्ड में यहां पर पूर्व में एक बड़ा कुआं वारा पशुओं के पानी पीने के लिए बना हुआ था उसको भी इन्होंने अंदर कब्जे में लेकर दीवारों में बंद कर दिया इसे खुलवाकर वापस पशुओं के लिए आसपास मे बनाने वाले लोगों के लिए पानी की व्यवस्था करवानी चाहिए वह राजस्थान सरकार के मंत्रीजी देवस्थान विभाग जोरारामजी कुमावत से विशेष अनुरोध है कि यह अंबे माताजी की बगीची इन शहर के बड़े भूमाफियाओ से कब्जे से मुक्त करवा कर यह भूमि अंबे माताजी के नाम करके कब्जा कास्ट दिलवाया जाए तब जाकर अंबे माता को न्याय मिलेगा वह स्थानीय सिरोही विधायक माननीय राज्य मंत्री ओटारामजी देवासी के क्षेत्र में यह अंबे माताजी का मंदिर आया हुआ है ओटाराम देवासी की सरकार है अब वह अब अंबे माता को राहत नहीं मिलेगी तो क्या कांग्रेस के राज में मिलेगी कांग्रेसी तो देवी देवताओं के खिलाफ होते यह लोग मद्रसो के लिए जमीन दे देते हैं पर मंदिरों को देने में पीछे रहते हैं अनुदान भी अगर दे तो कभी मस्जिदों के नाम दे देंगे पर मंदिरों के नाम नहीं यह भूमि मंदिर के लिए आरक्षित है उसके बाद भी इसका कब्जा मंदिर को नहीं दिया जा रहा है बड़ी शर्म की बात है पूर्व में आदेश भी हो रखें पर सरकारी अधिकारी आदेश की पालना नहीं कर रहे हैं तुरंत कार्यवाही कर यह भूमि वापस मंदिर के नाम दी जाए वही यहां पर बड़ी धर्मशाला वह डांडिया रास करने के लिए अलग रखी जाए की जनता खुश होगी वह अंबे माता शहर का उद्धार करेगी इसीलिए शिवगंज शहर का मंदिर है वह मंदिर की भूमि पर कब्जा करना इसका नतीजा शहर के व्यापारी भुगत रहे नहीं तो शिवगंज कहां था जिसे मिनी मुंबई कहा जाता था जो अब सुमेरपुर कहां तक पहुंच गया आप स्वयं देख लो शिवगंज की माताजी अंबे माताजी इसकी भूमि पर ही शहर के सेठ लोग कब्जा कर जमीन खाने की कोशिश कर रहे हैं पर माताजी कभी सफल नहीं होने देगी यह भूमि बडी है तीनों तरफ राजस्व रास्ता हैं और पालिका प्रशासन के अंधे पन से अंबे माताजी की भूमि पर कब्जा कर शादी के पैसा वसूल रहे है अब तक लाखों रुपए वसूल कर चुके है





केवल नकल के उपयोग के लिए






### प्रशासन कारवाई क्यू नही करते है

शिवगंज शहर के खसरा संख्या 108,109 1 बिधा 16 बिस्वा भूमि अंबे माताजी मंदिर शिवगंज ईसका लोकायुक्त महोदय के आदेश पर जिला कलेक्टर व उपखंड अधिकारी कार्यालय से पत्र जारी कर तुरंत अतिक्रमण हटाना का आदेश दिया था पर भष्ट्राचारीओ ने नही अतिक्रमण हटाया नही कारवाई की क्यू की यह अधिकारी ईन धन्ना सैठो के धन के गुलाम होने से भूमाफियाओ को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रहे है वह शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र के राजस्व खसरा नंबर 108 ,109 सरकारी बिलानाम भूमि है 1बीधा 16 बिस्वा भूमी है जो अंबे माता बगीचे के नाम से आरक्षित थी अंबे माता मंदिर के नीचे यह भूमि एक बिधा 16 बिस्वा भूमि जो करोड़ों रुपए की है इस पर शहर के सैठो ने कब्जा कर रखा है पालिका प्रशासन सैठो के आगे नतमस्तक है नहीं तो अतिक्रमण हटवा सकते है तुरंत हटाकर वहां पर गायों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था की जाए वह डांडिया रास कार्यक्रम के लिए नवरात्रि में खुली रखी जाए वह शहर की भूमि अंबे माताजी के नाम पर की जाए

सीमा देवी माली स्थानीय पार्षद नगर पालिका शिवगंज शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र में खसरा संख्या 108,109 रकबा 1बिधा 16 बिस्वा भूमि बगीचे व बिलानाम भूमि पर कब्जा कर लिया है भूमाफियाओ अंबे माताजी व नगरपालिका शिवगंज की जमीन पडी है जो ईस पर से अतिक्रमण मुक्त करवाकर अंबे माताजी की भूमि पर धर्मशाला का निर्माण स्वीकृति प्रदान करावे व बगीचे मे कुआँ व अवाडा को ओपन कर पशुओं व गाँव के लोगों के लिए पिने के पानी की वयवस्था करनी चाहिए तब जाकर शिवगंज शहर की जनता को राहत मिलेगी और अंबे माताजी के भक्त व पुजारियों को राहत मिलेगी क्यू की ईस बगीचे मे शादी व अन्य कार्यक्रम करने से पैसा की आय होगी जिससे मंदिर के पुजारी व मंदिर व्यवस्थापक मजदूरों की मजदूरी देने मे आय होगी जिला कलेक्टर व उपखंड अधिकारी ने अतिक्रमण हटाने का आदेश देने के बाद भी आज तक कोई कारवाई नही हुई अब प्रशासन को कारवाई करनी चाहिए नही तो करोडों की अंबे माताजी की जमीन अरबों रुपये मे बेचकर चले जाएँगे फिर माताजी की भूमि पर से अतिक्रमण मुक्त करवाकर वहा पर अंबे माताजी की धर्मशाला बनाई जाएँ जिससे माताजी के आने वाले नवरात्री मे डांडिया रास कार्यक्रम किया जा सके ।

**कमलसिह चौहान समाजसेवी गौरक्षक शिवगंज**

शहर की सबसे पहले शिवगंज बचने से पूर्व अंबे माता मंदिर के बगीचे की भूमि पर शहर के भूमाफियाओ ने फजीर्वाडा कर अपने नाम का पट्टा बनाने की कोशिश की गई या बना भी दिया होगा क्योंकि पुराना पट्टा इसमें बगीचा अंबे माता का लिखा हुआ था इस बगीचे की आय से अंबे माता पुजारी का खर्चा वह माताजी की पूजा होती थी पर माताजी भी भूमाफियाओ के आगे चुप है जब अंबे माता की जमीन कोई खाएगा तभी पर्ले आएगा कब्जा करने वालों का नाश होगा वह जिसने भी आगे अपने नाम की करने की कोशिश की है वह की है उन सभी का सत्यानाश होना निश्चित है क्योंकि अंबे माता किसी को नहीं छोड़ती इस माताजी की जमीन अपने भक्तों के लिए धर्मशाला वह डांडिया रास के लिए आरक्षित रखी गई थी जमीनों के भाव आसमान में होने से भूमाफिया की नियत खराब हो गई और इस पर कब्जा कर लिया शहर के कुछ गुलाम लोगों की वजह से यह जमीन पर लोगों ने कब्जा कर इस जमीन की कमाई खाकर अपना गुजारा कर रहे पर माताजी का खाना उनका सत्यानाशी का कारण हो सकता है जैसाराम माली अध्यक्ष जवाई पर्यावरण एवं वन विकास समिति शिवगंज

‘जातिगत गोलबंदी’ का रूप लेता जा रहा थप्पड़कांड...

# नरेश मीणा के लिए सड़कों पर उतरे समर्थक.. रिहाई की मांग को लेकर कई जिलों में प्रदर्शन!



टोंक/जयपुर।

राजस्थान विधानसभा उपचुनाव के मतदान के दिन देवली उनियारा में एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले नेता नरेश मीणा की रिहाई की मांग तेज हो गई है। शनिवार को राजस्थान के कई जिलों में मीणा समाज के लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने नरेश मीणा को रिहा करने की मांग की। टोंक, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर सहित कई अन्य जिलों से मीणा समाज के प्रदर्शन की खबर सामने आई। मीणा समाज के लोगों ने कई जिलों में कलेक्ट्रेट पर उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में नोंकझोंक भी हुई। आक्रोशित लोगों ने कलेक्ट्रेट के बाहर जाम भी लगाया।

दरअसल, नरेश मीणा की गिरफ्तारी अब जातिगत गोलबंदी का रूप लेती जा हरी है। उनके समर्थक अब मीणा समाज के नेताओं को फोन कर समर्थन की मांग कर रहे हैं। इसके कई वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहे हैं। वहीं नरेश के समर्थन में मीणा समाज की तरफ से आज देवली-उनियारा सहित कई जगहों पर रैलियां निकाली जा रही हैं। दरअसल देवली उनियारा सीट पर हुए एसडीएम थप्पड़ कांड का विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। नरेश मीणा को रिहा करने की मांग तेज होने लगी है। प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। टोंक जिला कलेक्टर और एसपी के खिलाफ युवाओं ने जमकर नारेबाजी की और एसडीएम अमित चौधरी को बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट के बाहर जाम लगाकर बैठे रहे।

## टोंक, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर सहित कई अन्य जिलों में मीणा समाज का प्रदर्शन

### रैलियां निकालकर किया कलक्ट्रेट का घेराव

**एसडीएम को सस्पेंड करने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग**

## मीणा समाज के नेताओं को फोन कर मांगा जा रहा समर्थन, मीणा के समर्थन में कई वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल, *भगत सिंह की तरह दर्शा रहे युवा समर्थक*



### भगत सिंह की तरह मीणा को दिखाया, रैलियों में लहराए गए पोस्टर

रैलियों में प्रदर्शनकारियों द्वारा जो पोस्टर लहराए जा रहे हैं उनमें नरेश मीणा को भगत सिंह की तरह पेश किया जा रहा है। यही नहीं उनके समर्थन में स्थानीय भाषा में गाने भी तैयार किए जा रहे हैं। प्रशासन के लिए अब यह ट्रेंड बड़ी मुश्किल खड़ी कर रहा है। इधर, नरेश मीणा को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। मजिस्ट्रेट ने नरेश को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मीणा समाज ने सरकार को चेतावनी दी है कि एसडीम द्वारा चुनाव का बहिष्कार होने के बावजूद भी मतदान करवाया गया और नरेश मीणा को उकसाया गया।

### समाज का ट्रेलर..

**आने वाले समय में सरकार की फिल्म बना देंगे**

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पूरे मामले में एसडीएम पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हमारी मांग है कि एसडीएम को बर्खास्त किया जाए। वहीं घटना होने के बावजूद भी टोंक जिला कलेक्टर और एसपी मौके पर नहीं पहुंचे कानून व्यवस्था खराब हुई उन अधिकारों पर भी कार्रवाई हो। वहीं समाज के नेता जोधराज मीणा ने कहा कि नरेश मीणा 36 कौम के नेता हैं, उसे जबरन फंसाया जा रहा है उसकी रिहाई करने की हमारी मांगें हमारी मांगों पर सरकार ने विचार नहीं किया तो यह पूरे राजस्थान भर में समाज का ट्रेलर है आने वाले समय में हम भजनलाल सरकार केंद्र सरकार की फिल्म बना देंगे।

### अब जाट समाज ने दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम, मीणा पर आजीवन प्रतिबंध की मांग

नरेश मीणा द्वारा एसडीएम अमित कुमार चौधरी को थप्पड़ मारने की घटना ने राजनीति और समाज में हलचल मचा दी है। इस घटना के बाद से राज्यभर में विवाद बढ़ गया है और विभिन्न समुदायों ने नरेश मीणा के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जाट समाज, जो इस मामले में प्रमुख विरोधी के रूप में उभरा है, ने न केवल नरेश मीणा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बल्कि यह भी कहा है कि मीणा को आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। जाट समाज के नेताओं का कहना है कि ऐसे व्यक्तियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं का हिस्सा बनने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिए, जो सार्वजनिक रूप से अधिकारियों के साथ इस प्रकार का व्यवहार करें। जाट समाज ने सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर सरकार इस मामले में जल्द और कठोर कार्रवाई नहीं करती है, तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## ऑपरेशन में लापरवाही, अस्पताल और दो चिकित्सकों पर 19.70 लाख रुपए का लगा हर्जाना



जयपुर।

जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय ने मरीज के फिशर का ऑपरेशन करने के दौरान लापरवाही बरतने पर फुलेरा के निजी अस्पताल और दो चिकित्सकों पर कुल 19.70 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग ने यह आदेश संजय सोनी के परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए। आयोग अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि ऑपरेशन में लापरवाही के कारण एक नौजवान की जिंदगी नरक बन गई है।

## ‘हिंदू समाज में जातिवाद खत्म करने की जरूरत, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करें’, स्वामी रामभद्राचार्य का बड़ा बयान

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में कथा कहने आए जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने आरक्षण के मुद्दे पर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, ''सरकारों को जाति के आधार पर आरक्षण समाप्त करके इसे आर्थिक आधार पर देना चाहिए।'' उनका मानना है कि यह कदम जल्द ही उठाया जाएगा, जिससे समाज में जातिवाद को खत्म किया जा सकेगा।

## नैक की मान्यता के आड़े आ सकते हैं विश्वविद्यालय के रिक्त पद, फैकल्टी और स्टाफ के करीब 56 फीसदी पद खाली

जयपुर।

राजस्थान विश्वविद्यालय इन दिनों नैक (नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल) की मान्यता लेने की जद्दोजहद में जुटा है। ग्रेडिंग के लिए भेजा गया डाटा भी एक्सेप्ट किया जा चुका है, हालांकि यहां फैकेल्टी और स्टाफ की कमी नैक की मान्यता दिलाने में संकट पैदा कर सकती है। संभावना है कि 2 महीने के अंदर यानी लगभग इसी साल नैक की टीम विश्वविद्यालय आ सकती है। उससे पहले विश्वविद्यालय की खामियां दूर करना टेढ़ी खीर माना जा रहा है।

विश्वविद्यालय में फैकल्टी के 949 पद स्वीकृत है। इनमें से 424 ही काम कर रहे हैं, यानी 525 पद रिक्त हैं। इसी तरह गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए लगाया गया स्टाफ भी कम है। इसकी वजह से ऑनलाइन कोर्स तो दूर ऑफलाइन क्लास भी नहीं लग पा रही है। यही नहीं विभिन्न विभागों में होने



वाले शोध कार्यों में भी विश्वविद्यालय पिछड़ा हुआ है। ऐसे में जहां राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन नैक की मान्यता के लिए जुटा हुआ है। वहीं ये खामियां विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए चुनौती भी बनी हुई है। इस पर विश्वविद्यालय से जुड़े हुए छात्र नेताओं ने भी सवाल उठाया है।

### फैकल्टी की भर्ती करे सरकार

एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा ने कहा कि राजस्थानी विश्वविद्यालय नैक की ग्रेड लेने का प्रयास कर रहा है, लेकिन इससे विश्वविद्यालय को क्या हासिल हो जाएगा। आज विश्वविद्यालय में फैकल्टी की कमी है। इसके अलावा नॉन टीचिंग स्टाफ के पद भी रिक्त पड़े हैं। कुछ डिपार्टमेंट में एक, तो किसी में एक भी फैकल्टी नहीं है, इसलिए राजस्थान विश्वविद्यालय और राजस्थान सरकार से यही निवेदन है कि यहां टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ का रिक्रूटमेंट करे, ताकि छात्रों को और अच्छी शिक्षा मिल सके।

### विवि में नहीं लग रही नियमित कक्षाएं

एनएसयूआई छात्र नेता मोहित यादव ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से नैक की परमिशन के लिए यूजीसी में अप्लाई किया गया है, लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि यहां जो कोर्स चल रहे हैं, उसके लिए प्रोफेसर ही नहीं है, इसलिए नियमित कक्षाएं ही नहीं लग पा रही हैं।

## मदन राठौड़ का अशोक गहलोत पर पलटवार, पूछा- ‘बंटोगे तो कटोगे पर कांग्रेस को एतराज क्यों?'

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ‘बंटोगे तो कटोगे’ नारे वाले बयान पर राजस्थान में सियासत गरमा गई है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि बांटने का काम कांग्रेस ने ही किया है। कांग्रेस को अब ‘एक रहोगे तो सेफ रहोगे’ नारे पर आपत्ति क्यों है? मालूम हो कि राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी नारों पर आपत्ति जताई थी और चुनाव आयोग पर सवाल उठाए थे। अशोक गहलोत ने कहा था कि ‘वो ‘बांटोगे तो मिटोगे’ की बात कर रहे हैं, ये एक मुख्यमंत्री बोल रहे हैं। यहां तक कि चुनाव आयोग भी ‘एक रहोगे, सुरक्षित रहोगे’ के नारे को नहीं रोक रहा है।’

### कांग्रेस ने बांटने का काम किया- राठौर

दरअसल, मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर ने अशोक गहलोत पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बांटने का काम किया है। आजादी से



पहले भी कांग्रेस ने देश को बांटा और आज भी धर्म के आधार पर बांट रही है। पीएम मोदी ने 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार माना, हम कांग्रेस की तरह तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते। मदन राठौर ने आगे कहा कि हमारे लिए सभी बराबर हैं। अब कांग्रेस को ‘आप साथ रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे’ नारे पर आपत्ति क्यों है? इस नारे में क्या गलत है? कांग्रेस को इस नारे पर आपत्ति क्यों है? यह समझ से परे है। वहीं, राठौर ने उपचुनाव में सभी सीटें जीतने का दावा करने के साथ ही सदस्यता अभियान को लेकर भी कहा कि 82 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं। जल्द ही लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

## जिरीबाम में तीन शव मिलने के बाद सड़क पर उतरे लोग, मंत्रियों-विधायकों के घरों की घेराबंदी की

***घटना के विरोध में लोग सड़क पर उतर आए और मणिपुर सरकार के दो मंत्रियों और तीन विधायकों के घरों की घेराबंदी की। इस दौरान घर के बाहर जमकर नारेबाजी की गई।***

इंफाल।

जिरीबाम में तीन लोगों के शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। घटना के विरोध में लोग सड़क पर उतर आए और मणिपुर सरकार के दो मंत्रियों और तीन विधायकों के घरों की घेराबंदी की। इस दौरान घर के बाहर जमकर नारेबाजी की गई। इसके बाद इंफाल पश्चिम प्रशासन ने अनिश्चितकाल के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। वहीं शनिवार शाम को पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट टीएच किरण कुमार के आदेश पर जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया।

सबसे पहले प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने लामफेल सनाकेथेल इलाके में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सापम रंजन के आवास पर धावा बोला। यहां पर लोगों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद लामफेल सनाकेथेल विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि डेविड ने बताया कि मंत्री




सापम ने आश्वासन दिया कि तीन लोगों के शव मिलने के मुद्दे पर कैबिनेट बैठक में चर्चा की जाएगी। अगर सरकार लोगों की भावनाओं का सम्मान करने में विफल रही तो वह अपना इस्तीफा दे देंगे।

इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री एल सुसिंद्रो के घर का भी घेराव किया।

## जयपुर में सैनिटरी नैपकिन फैक्ट्री में लगी आग, 20 लाख रुपए का कच्चा माल जलकर राख

जयपुर।

शहर के मंगलम इंडस्ट्रीज इलाके में स्थित एक सैनिटरी नैपकिन फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग तेजी से भड़की, जिससे कर्मचारियों में दहशत फैल गई और वे सुरक्षित बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। उनके प्रयासों के बावजूद, पूरी फैक्ट्री आग की लपटों में घिर गई, जिससे सामान और मशीनरी जलकर राख हो गई। यह घटना मनोहरपुरा पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में हुई। फैक्ट्री मालिक अशोक कुमार ने बताया कि फैक्ट्री में महिलाओं के पैड और बच्चों के डायपर बनाए जा रहे थे, तभी अचानक शॉर्ट सर्किट



की वजह से आग लग गई। आग लगने से मजदूर और कर्मचारी सुरक्षित बच गए। हालांकि, करीब 20 लाख रुपये की कीमत का कच्चा माल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही आधा दर्जन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने पांच घंटे तक मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

## आयुर्वेदिक डॉक्टर भी 62 साल पूरे होने तक सेवा में बने रहने के हकदार-हाईकोर्ट



जयपुर।

राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एलोपैथी डॉक्टर्स की तरह आयुर्वेदिक डॉक्टर्स को भी 62 साल की उम्र पूरी होने तक सेवा में बने रहने का हकदार माना है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह व वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश आयुर्वेद डॉक्टर प्रभुदयाल शर्मा की याचिका पर दिय। याचिका में प्रार्थी ने उसके खिलाफ राज्य सरकार की भेदभावपूर्ण कार्रवाई को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि वह बारां जिले में वरिष्ठ आयुर्वेद डॉक्टर के पद पर कार्यरत था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेश होने के बाद भी उसे 31 अक्टूबर को 60 साल की आयु पूरी होने पर ही रिटायर कर दिया। जबकि उसने विभाग में प्रार्थना पत्र पेश कर उसे 62 साल तक सेवा में बनाए रखने का आग्रह किया था। इसलिए आयुर्वेद विभाग को निर्देश दिए जाएं कि वह उसे 62 साल तक सेवा में रखें।

### इस तरह चला पूरा केस

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने प्रार्थी को 60 साल में ही रिटायर कर दिया है, जबकि अन्य कार्मिक काम कर रहे हैं। इसलिए प्रार्थी को भी 62 साल की उम्र पूरी होने तक सेवा में बरकरार रखा जाए। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 13 जुलाई, 2022 को आदेश जारी कर आयुर्वेद चिकित्सकों की रिटायरमेंट आयु 60 से बढ़ाकर 62 साल कर दी थी। इस फैसले को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी के जरिए चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी, 2024 को राज्य सरकार की एसएलपी खारिज कर दी। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन दायर कर पूर्व फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर, 2024 को राज्य सरकार की रिव्यू पिटिशन भी खारिज कर दी थी।

**झांसी अग्निकांड** | उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा तत्काल मौके पर पहुंचे

## घटना पर सरकार सख्त, जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित; सात दिन में सौंपनी होगी रिपोर्ट

लखनऊ।

महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी में आग लगने के मामले में शासन ने कमेटी गठित कर दी है। कमेटी को सात दिन में रिपोर्ट देनी है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मेडिकल कॉलेज में आग लगने के बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा तत्काल मौके पर पहुंचे। पूरे मामले की तस्दीक की। दोपहर बाद चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक किंजल सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यी कमेटी का गठन कर दी गई है। इस कमेटी में स्वास्थ्य विभाग के निदेशक (स्वास्थ्य),अपर निदेशक विद्युत एवं अग्निशमन महानिदेशक की ओर से नामित अधिकारी को शामिल किया गया है। कमेटी को सात दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

### 146 अग्निशामक यंत्र लगे हुए हैं, आग बुझाने के उपकरण एक्सपायर मिले




### दोषी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। भर्ती बच्चों के उपचार के पुख्ता इंतजाम किएगए हैं। पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी की रिपोर्ट कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 10 बच्चों की हो गई थी मौत

बताते चलें कि महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में से एक है। इस अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में शुक्रवार रात में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग में जलकर 10 बच्चों की मौत हो गई। घटना में अन्य 16 बच्चे घायल होकर जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस वार्ड में आग लगी, उसमें कुल 55 बच्चे थे।

### आग बुझाने के उपकरण एक्सपायर मिले

घटना के बाद के बाद बात अस्पताल प्रशासन की लापरवाही और अस्पताल में रखे आग बुझाने वाले उपकरण पर पहुंच गई। कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि अस्पताल में आग बुझाने के उपकरण एक्सपायर हो गए थे और अलार्म खराब थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ने कहा, 'योगी आदित्यनाथ सरकार बच्चों और उनके परिवारों के साथ खड़ी है। हमारे कर्मचारियों, डॉक्टरों और बचाव दल ने बच्चों को बचाने के लिए बहादुरी से काम किया है।

## एक और बाघ की मौत, संकट में आ जाएगा मध्यप्रदेश का टाइगर स्टेट का दर्जा

**–बाघ की मौत ने वन विभाग की लापरवाही उजागर की**

भोपाल। मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व में एक और बाघ की मौत ने वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग को हिल कर रख दिया है। दक्षिणी वन मंडल में एक बाघ की मृत अवस्था में प्राप्त हुई, जिसकी मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम से चला। रिपोर्ट के अनुसार, बाघ को चोट लगने के कारण शिकार करने में असमर्थ हो गया था, और वह कई दिनों तक इधर–उधर भटकता रहा। बाघ ने जंगल में भोजन की तलाश की, लेकिन अंतत- भोजन नहीं मिलने पर अपनी जिंदगी खो दी। यह घटना विशेष रूप से चिंता का विषय बनी है, क्योंकि बाघ का शव एक रिहायशी इलाके के नजदीक मिला था, और आसपास के ग्रामीणों ने बाघ के मूवमेंट की सूचना दी थी। इसके बावजूद, वन विभाग ने समय रहते ध्यान नहीं दिया। विभाग द्वारा जंगल में पेट्रोलिंग और सीसीटीवी निगरानी की जा रही है, फिर भी घायल बाघ का पता नहीं चल पाया। जहां एक ओर मध्यप्रदेश, जिसे देश का टाइगर स्टेट कहा जाता है, में बाघों की मौत का सिलसिला लगातार जारी है। पेंच टाइगर रिजर्व में मई 2024 में एक बाघिन का शव मिला था, बीते कुछ सालों में करंट लगने या अन्य कारणों से बाघों की मौतें सामने आई हैं। 2023 में भी करंट लगाकर एक बाघ का शिकार करने की घटना सामने आई थी।

## बहराइच में तेंदुए के हमले में चार वर्षीय बालक की मौत, गांव में कोहराम

बहराइच । बहराइच जिले के बाजपुर गांव में तेंदुए के हमले में एक चार वर्षीय बालक की दुखद मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह घटना तब हुई जब संदीप नामक युवक अपनी पत्नी और चार साल के बेटे अभिनंदन के साथ गन्ने की फसल काटने के लिए खेतों में गया था। तभी संदीप और उसकी पत्नी खेतों में काम कर रहे थे, जबकि उनका बेटा अभिनंदन खेल रहा था। अचानक, खेत में छिपे तेंदुए ने बच्चे पर हमला कर बच्चे को अपने मुंह में दबोचकर सरयू नहर की ओर भाग गया। इस दौरान परिजन शोर मचाते हुए तेंदुए के पीछे दौड़े, लेकिन तेंदुआ बच्चे को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। परिजनों और गांव वालों शोर मचाने पर तेंदुआ बच्चे को अधमरा करके छोड़ गया। इसके बाद गंभीर रूप से घायल बच्चे को परिजन तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वन क्षेत्राधिकारी आशीष गौड़ ने घटना की जानकारी देकर कहा कि पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है।

## पाकिस्तान से बांग्लादेश पहुंचे 300 से ज्यादा कंटेनर, भारतीय सुरक्षा एजेंसियां हुई सतर्क

नई दिल्ली। पाकिस्तान ने बांग्लादेश को समुद्र के रास्ते हथियार भेजने का पहला कदम उठाया है, इससे भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठानों में चिंता बढ़ गई है। कराची से बांग्लादेश के चटगांव तक पहुंचे 300 से ज्यादा कंटेनरों में हथियारों की बड़ी खेप होने की खबर है। यह पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 1971 के मुक्ति संग्राम के बाद पहला सीधा समुद्री संपर्क है, जो दोनों देशों के रिश्तों में एक नई शुरुआत का संकेत है। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद, मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान के साथ संबंधों में बदलाव का संकेत दिया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के नेताओं की संयुक्त राष्ट्र की बैठक में मुलाकात के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने की उम्मीद जाहिर की थी। बांग्लादेश ने पाकिस्तान से तोपखाने के गोले, टैंक गोला–बारूद, विस्फोटक और प्रोजेक्टाइल का ऑर्डर किया था, और अब बांग्लादेश की सेना को पाकिस्तानी हथियारों की पहली खेप मिल चुकी है। वहीं भारतीय सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, समुद्री संपर्क से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में दिक्कत बढ़ सकती है। चटगांव और मोंगला बांग्लादेश के प्रमुख बंदरगाह हैं, जो दशकों तक पाकिस्तान की पहुंच से बाहर थे। लेकिन अब बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच सीधा समुद्री संपर्क स्थापित होने से इन दोनों देशों के रिश्तों में नए समीकरण बन सकते हैं, जो भारत की सुरक्षा स्थिति के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं।

## 20 नवंबर को मतदान के कारण 6 राज्यों में रहेगी सार्वजनिक छुट्टी




नई दिल्ली। 20 नवंबर को झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पंजाब, केरल और उत्तराखंड में मतदान होनो है जिसके चलते यहां सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इन राज्यों में स्कूल, कॉलेज, बैंक, पोस्ट ऑफिस और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे ताकि मतदाता बिना किसी बाधा के अपने मतदान का इस्तेमाल कर सकें। झारखंड में 38 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होना है यहां दूसरे चरण के लिए मतदान होगा। 12 जिलों के 528 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां 1.23 करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। महाराष्ट्र में एक ही चरण में चुनाव होंगे। कुल 4,140 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जो 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 28 फीसदी ज्यादा हैं। वहीं यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है जिसमें फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, सीसामऊ, कटेहरी, करहल और कुंदरकी सीटें हैं। पंजाब में 4 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे जिसमें डेरा बाबा नानक, छब्बेवाल, गिद्दड़बाहा, बरनाला हैं। केरल की एक विधानसभा सीट पलक्कड़, उत्तराखंड की एक विधानसभा सीट केदारनाथ और महाराष्ट्र की एक लोकसभा सीट नांदेड़ लोकसभा पर मतदान होगा। राज्य सरकारों ने मतदान में नागरिकों की भागीदारी तय करने के लिए सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। सभी सीटों के परिणाम 23 नवंबर को आएंगे।

# शिकायतों के बाद एक्शन में चुनाव आयोग, नड्डा और खड़गे से मांगा जवाब, दी यह सलाह





**नई दिल्ली(एजेंसी )।** भारतीय चुनाव आयोग ने शनिवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अलग-अलग पत्र भेजकर एक-दूसरे की शिकायत पर टिप्पणी करने को कहा है। आयोग ने सोमवार दोपहर एक बजे तक दोनों पक्षों से औपचारिक प्रतिक्रिया मांगते हुए उनके बीच शिकायतों का आदान-प्रदान किया। ईसीआई ने पार्टी नेताओं को लोकसभा चुनाव के दौरान 22 मई, 2024 को दी गई एक पूर्व सलाह की याद दिलाई, जिसमें उन्हें स्टार प्रचारकों और नेताओं पर नजर रखने के लिए कहा गया था ताकि सार्वजनिक मर्यादा का उल्लंघन न हो और चुनाव के दौरान एमसीसी का अक्षरशः पालन किया जा सके।

यह महाराष्ट्र और झारखंड में चल रहे विधानसभा चुनावों में भाजपा और कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग से एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत करने के बाद आया है। कांग्रेस ने भारत के चुनाव आयोग से महायुति अभियान को बढ़ावा देने के लिए मराठी भाषा के टेलीविजन धारावाहिकों में रणनीतिक रूप से विज्ञापन दिए जाने की शिकायत की है। एक मराठी टेलीविजन चैनल कल से विज्ञापन चला रहा है जिसमें धारावाहिक के एक विशेष दृश्य के बाद शिव सेना के अभियान नारे का एक होर्डिंग दिखाया गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव सचिन सावंत ने विज्ञापन लगाने को लेकर राज्य चुनाव आयोग से शिकायत की.

सावंत ने इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों से संपर्क किया है। कांग्रेस नेता के अनुसार विज्ञापन कल से प्रसारित होना शुरू हुआ और आज तक चल रहा है और उन्हें एक अन्य मराठी मनोरंजन चैनल के धारावाहिकों पर ऐसे ही विज्ञापन चलने की शिकायत मिली है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कुछ मुस्लिम संगठन अपने समुदाय के सदस्यों से धर्म के आधार पर इंडिया ब्लॉक को वोट देने की अपील करके महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावी माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, और चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारी मौलाना सज्जाद नोमानी ने कहा कि संगठन ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 269 सीटों पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) और कुछ सीटों पर अन्य गैर-भाजपा दलों को समर्थन देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि नोमानी ने मुसलमानों से एमवीए को वोट देने की अपील करते हुए कहा है कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे न केवल राज्य के भविष्य पर बल्कि पूरे देश के भविष्य पर असर डालेंगे। भाटिया ने दावा किया कि इससे पहले जमीयत उलेमा-ए-हिंद की लोहरदगा इकाई ने मुसलमानों से झारखंड में कांग्रेस-जेएमएम-आरजेडी-सीपीआई (एमएल) लिबरेशन गठबंधन के लिए एकजुट होकर वोट करने की अपील की थी।

## एआईएमआईएम नेता अकबरुद्दीन ने दिया मराठा आरक्षण को अपना समर्थन



मुंबई। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन यानि एआईएमआईएम के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने मराठा आरक्षण को अपना समर्थन दिया। उन्होंने महाराष्ट्र में तेलंगाना की तर्ज पर मुस्लिम आरक्षण लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा,卐महाराष्ट्र में मराठा नेताओं को मैं पूरी तरह से समर्थन दूंगा। वे मराठा आरक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जब भी उन्हें मेरी जरूरत हो, मैं उनका साथ दूंगा। लेकिन एक बात कहूंगा, कि हमारे तेलंगाना में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। महाराष्ट्र में क्यों नहीं है? ऐसा क्यों है? इसका कारण यह है कि हमारा इतिहास मजबूत नहीं है। लोग हमेशा इल्जाम लगाते हैं। ओवैसी ने कहा, पहले राज शेखर रेड्डी मुख्यमंत्री थे, फिर चंद्रशेखर राव आए और उनकी टीम में हो गए। अब कांग्रेस के रेवंत रेड्डी आए और फिर, अकबर और असद भी उनके साथ आ गए। माफ करना मेरे भाई, मुख्यमंत्री के पास हम नहीं रहते, वे हमारे पास रहते हैं। जो भी मुख्यमंत्री होता है, उसे हमारी जरूरत होती है। उन्होंने कहा, 'कोई राम भक्त है, तब मैं उस तरह मोहम्मद और रसूल अल्लाह का चाहने वाला गुलाम हूं। मैं रसूल अल्लाह का आशिक हूं और आज मैं उनके आशिकों के बीच खड़ा हूं। रसूल के इश्क का वास्ता देते हुए, मैं यही अपील करता हूं कि वक्त बर्बाद करने का नहीं है, यह वक्त एक होने, संगठित होने और मुक्त होने का है।

## एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे और अजित पवार ने शरद पवार की पीठ में छुरा घोंपा: रेवंत रेड्डी



**चंद्रपुर (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** । तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सत्ता के लिए उद्धव ठाकरे जबकि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शरद पवार की पीठ में छुरा घोंपा। चंद्रपुर जिले में महा विकास आघाडी (एमवीए) के उम्मीदवार के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि अगर महाराष्ट्र के लोग गर्व के साथ जीना चाहते हैं तो शिंदे और अजित पवार को (राजनीतिक रूप से) दफन कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे की पीठ में छुरा घोंपा और गुजरात का गुलाम बनना चुना।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने चाचा और गुरु शरद पवार की पीठ में छुरा घोंपा। मैं महाराष्ट्र के लोगों से अपील करता हूं कि अगर वे गर्व से सिर ऊंचा करके जीना चाहते हैं तो उन्हें शिंदे और अजित पवार को दफना देना चाहिए। रेड्डी ने दावा किया कि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई समेत भारत के छह सबसे बड़े शहरों ने भाजपा को नकार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात से मुंबई को लूटने के लिए दो लोग आए, जिनके नाम हैं प्रधानी और अडाणी है।

उन्होंने कहा, डबल इंजन सरकार का मतलब है कि एक (इंजन) प्रधानी है और दूसरा अडाणी है। अजित पवार ने कबूल किया था कि अडाणी एमवीए सरकार को गिराने की साजिश में शामिल थे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार ने राज्य सरकार में युवाओं को 50,000 नौकरियां दी हैं और यह उपलब्धि गुजरात सरकार भी हासिल नहीं कर सकती।

# मुडा मामले में सीएम सिद्धारमैया और उनके परिवार की प्रत्यक्ष भूमिका नहीं

**–लोकायुक्त पुलिस ने जांच रिपोर्ट में प्राधिकरण के अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार**

**बैंगलुरु (एजेंसी)।** मैसूरु विकास प्राधिकरण (मुडा) के भूखंड आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस ने जांच रिपोर्ट में सीएम एन. सिद्धारमैया और उनके परिवार की किसी भी प्रत्यक्ष भूमिका से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भूखंड आवंटन में अनियमितताएं और त्रुटियां मुडा के अधिकारियों की ओर से हुई हैं। जांच में सीएम द्वारा पद और अधिकारों के दुरुपयोग के सबूत नहीं मिले हैं। उनके परिवार के सदस्य, विशेषकर उनकी पत्नी को भूखंड आवंटन में कोई अनुचित लाभ देने की पुष्टि नहीं हुई है। जांच में भूखंड आवंटन में त्रुटियों के लिए प्राधिकरण के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। जांच में पाया कि अधिग्रहित भूमि को कृषि भूमि में परिवर्तित करने और भूखंड आवंटन प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया। सीएम सिद्धारमैया की पत्नी को 14 भूखंडों का आवंटन प्रक्रिया में हुई त्रुटियों के कारण हुआ, जिसे मुडा अधिकारियों की प्रशासनिक लापरवाही बताया गया है। लोकायुक्त पुलिस ने लोकायुक्त पुलिस महानिदेशक को स्टेटस रिपोर्ट सौंप दी है। मामले की जांच के दो चरण पूरे हो चुके हैं। जनप्रतिनिधि विशेष अदालत ने इस मामले में 25 दिसंबर तक जांच पूरी कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मुडा के भूखंड आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर विपक्षी दलों ने सीएम सिद्धरामैया पर सवाल उठाए थे। यह मामला तब चर्चा में आया जब आरोप लगे कि सीएम के परिवार को भूखंड आवंटन में विशेष लाभ दिया गया है। सीएम सिद्धारमैया के समर्थकों ने जांच रिपोर्ट का स्वागत करते हुए इसे विपक्षी दलों द्वारा रचा गया राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। विपक्ष ने रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए जांच को और विस्तृत करने की मांग की है। यह रिपोर्ट सीएम के लिए राहत की खबर मानी जा रही है, लेकिन 25 दिसंबर को अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की तस्वीर पूरी तरह साफ हो सकेगी।



## मनसे की सरकार आने पर महाराष्ट्र में मस्जिदों में लाउडस्पीकर की समस्या का समाधान होगा : राज ठाकरे

मुंबई । महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य के नागरिकों से अपील की कि वे महाराष्ट्र को वैभवशाली बनाने के लिए उनकी पार्टी को वोट दें। ठाकरे ने ठाणे और कल्याण में आयोजित कई रैलियों में राज्य में व्याप्त राजनीतिक अस्थिरता की कड़ी आलोचना कर इस बदलने के लिए वोट करने को कहा। राज ठाकरे ने कहा, राजनीतिक और व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर हमें राज्य के कल्याण पर ध्यान देना चाहिए। असल में, मनसे ही राज्य के असल विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। इसके साथ ही उन्होंने मस्जिदों में लाउडस्पीकर की समस्या का त्वरित समाधान करने की बात कही। ठाकरे ने कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है, तब वह 48 घंटों के भीतर मुद्दे का हल निकाल लेगी। उन्होंने जोर दिया कि धार्मिक प्रथाओं से दूसरों को परेशानी नहीं होनी चाहिए और धर्म को घरों तक ही सीमित रहना चाहिए। ठाकरे ने कहा, सार्वजनिक सड़कों पर प्रार्थना के लिए जगह नहीं होनी चाहिए।



## दिल्ली से लाहौर तक फैली जहरीली हवा, एक्युआई 450 के पार

**–मौसम विभाग की अपील, मॉस्क लगाकर बाहर निकले, बुजुर्ग–बच्चे घर में ही रहें**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत और पाकिस्तान के बड़े हिस्से पर जहरीली हवा फैलने से संकट मंडरा रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सैटेलाइट तस्वीरों में दिल्ली से लेकर लाहौर तक के इलाके को गैस चैंबर जैसी स्थिति में दिखाया है। स्थिर हवाओं और कम तापमान के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है।

दिल्ली की बिगड़ती हवा से एक्युआई 450 के पार हो गया है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। सुबह 7 बजे दिल्ली का औसत एक्युआई 406 रहा। आनंद विहार और अशोक विहार में 438 दर्ज किया गया। प्रगति मैदान और आईटीओ जैसे इलाकों में एक्युआई 357 रहा, जिसे खराब श्रेणी में रखा गया है। दिल्ली-एनसीआर में स्मॉग की मोटी परत के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। आंखों और गले में जलन की समस्या उत्पन्न हो रही है। अस्पतालों में सांस और हृदय संबंधी बीमारियों के मामले सामने आ रहे हैं।

भारतीय मौसम विभाग ने 21 नवंबर तक पंजाब, दिल्ली, यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तापमान में भारी गिरावट का अनुमान लगाया है। ठंड के साथ हवा की गति धीमी होने के कारण प्रदूषण का स्तर और खराब हो सकता है। मौसम प्रदूषण ने इससे बचने के उपाय बताएं हैं। जिसमें कहा गया है कि घर से बाहर निकलते समय मास्क का इस्तेमाल करें। बच्चे और बुजुर्ग घर के अंदर ही रहें। इनडोर एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। मॉर्निंग वॉक या व्यायाम बाहर करने से बचें। आंखों की जलन से बचने के लिए चश्मा पहनें। यह जहरीली हवा केवल आज की समस्या नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़ा खतरा है। सामूहिक प्रयासों से ही इस संकट को दूर किया जा सकता है।

## दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने जानबूझकर डीजल बसें भेज रहे भाजपा शासित राज्य : गोपाल राय



**नई दिल्ली (एजेंसी )।** बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार ने ग्रेप-3 (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-3) के तहत बीएस-6 से नीचे के डीजल इंजन वाली बसों की दिल्ली में प्रवेश पर रोक लगा दी है। हालांकि, नियम के बावजूद बीएस-3 और बीएस-4 डीजल इंजन वाली बसें दिल्ली में प्रवेश कर रही हैं। इन बसों का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कश्मीरी गेट बस अड्डे पर औचक निरीक्षण किया।

मंत्री राय ने निरीक्षण में पाया कि दो बीएस-3 और बीएस-4 डीजल इंजन वाली बसें दिल्ली पहुंची हैं, जो दूसरे राज्यों से आई थीं। इसमें से एक हरियाणा और दूसरी उत्तराखंड से आई थी। दोनों बसों का 20-20 हजार रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा, वे बसें जिनके पास प्रदूषण प्रमाणपत्र नहीं थे, उनका भी चालान उसी समय किया गया।

मंत्री राय ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी हालत में प्रतिबंधित बसों को दिल्ली में प्रवेश नहीं मिलना चाहिए और सभी बसों की पूरी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि 30 प्रतिशत प्रदूषण दिल्ली के अंदर का है, जबकि 70 प्रतिशत प्रदूषण पड़ोसी राज्यों से आता है।

मंत्री ने बीजेपी शासित राज्यों खासकर उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा पर आरोप लगाकर कहा कि ये राज्य जानबूझकर डीजल बसें दिल्ली भेज रहे हैं, जो कि प्रतिबंधित हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने इन राज्यों को पहले ही पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया था कि सर्दियों में दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने से बचने के लिए डीज़ल बसों को दिल्ली न भेजें, लेकिन इन राज्यों ने इस अनुरोध को नजरअंदाज किया।

# श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी अफताब की अदालत में हत्या करवाना चाहता था लॉरेंस

**–बाबा सिद्दीकी की हत्या के मास्टरमाइंड शुभम ने खोले राज, एक महीने तक की थी रेकी**


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने श्रद्धा वाकर हत्याकांड के आरोपी आफताब पूनावाला की हत्या का भी प्लान बनाया है। दिल्ली के साकेत कोर्ट में उसकी हत्या करने की योजना थी। इसके लिए एक महीने तक रेकी भी की थी। सूत्रों ने बताया कि मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मास्टरमाइंड और वॉन्टेड आरोपी शुभम लोनकर ने श्रद्धा वॉकर हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी आफताब पूनावाला की हत्या की योजना भी बनाई थी।

सूत्रों के मुताबिक लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े शुभम लोनकर ने 2022 में दिल्ली के साकेत कोर्ट में आफताब की हत्या करने के लिए एक महीने तक रेकी की थी। श्रद्धा वाकर हत्याकांड का आरोपी आफताब फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है और उसे मिल रही धमकियों के बाद वह निशाना बन गया है। लॉरेंस के गुर्गों ने आफताब की हत्या करने के लिए एक महीने तक रेकी की थी, लेकिन दिल्ली पुलिस की कड़े सुरक्षा इंतजाम के चलते यह योजना कामयाब नहीं हो सकी।

सूत्रों ने बताया कि शुभम लोनकर को आफताब को खत्म करने के लिए मुंबई से दिल्ली बुलाया गया था और उसने एक महीने तक रेकी की थी। शुभम लोनकर साल 2022 में आफताब की गिरफ्तारी के बाद से ही कोर्ट में उसकी पेशी के दौरान आसपास दो शूटरों के साथ मौका तलाश रहा था। इस बीच, तिहाड़ जेल प्रशासन ने मीडिया रिपोर्टों पर तत्काल संज्ञान लिया और पूनावाला के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है।

बाबा सिद्दीकी हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार शिव कुमार गौतम ने पुलिस को बताया कि आफताब पूनावाला की हत्या करने की मंशा जताई है। इसके अलावा, सूत्रों ने पुष्टि की है कि आफताब अब लॉरेंस बिश्नोई गैंग के निशाने पर है, जो जेल के अंदर ही उसकी हत्या की साजिश रच रहा है। जेल अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं ताकि संभावित खतरे की जांच करते समय आफताब की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके। 18 मई 2022 को दिल्ली के महरौली इलाके में आफताब ने कथित तौर पर श्रद्धा वाकर की हत्या कर शव के कई टुकड़े कर दिए थे। उसने शव के टुकड़े छतरपुर पहाड़ी इलाके के जंगल में फेंक दिए थे। नवंबर 2022 में उसे गिरफ्तार किया गया था।

इस बीच 23 जुलाई को साकेत जिला कोर्ट ने श्रद्धा वाकर की हत्या के मामले और आरोपी आफताब पूनावाला की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपने वकील को अपना बचाव तैयार करने के लिए उपयुक्त समय देने के लिए हर महीने केवल दो बार सुनवाई करने की मांग की थी। अदालत ने कहा कि आरोपी जानबूझकर मुकदमे में देरी करने की कोशिश कर रहा है। यह भी कहा गया कि जून 2023 से अभियोजन पक्ष के 212 गवाहों में से केवल 134 की ही जांच की गई है।





इसलिए मुकदमे को तेजी से पूरा करने के लिए तारीखों की जरूरत है।

हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र
NAMASTE RAJASTHAN
# नमस्ते राजस्थान
खबरों की सत्यता, निष्पक्षता, पारदर्शिता
E-MAIL
namasterajasthan11@gmail.com
nrnews100@gmail.com
राजस्थान
08
भीलवाड़ा
रविवार,17,नवम्बर, 2024

## खबर संक्षेप



### रोहित की पत्नी ने बेटे को दिया जन्म

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है जिससे इस सलामी बल्लेबाज की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलने की संभावना बढ़ गई है। रोहित की पत्नी रितिका सजदेह ने शुक्रवार रात यहां एक स्थानीय अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। रोहित बेटे के जन्म के कारण भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया नहीं गए थे। इस दंपति की एक बेटी समायरा है, जिसका जन्म 2018 में हुआ था। पहला टेस्ट शुरू होने में अब एक सप्ताह से भी कम समय बचा है।

### भावी स्टार तिलक ने निभाई जिम्मेदारी

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए लगातार दो शतक जड़ने वाले तिलक वर्मा की



जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा बल्लेबाज को जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी उसे उन्होंने अच्छी तरह से निभाया। विराट कोहली खेल के इस छोटे प्रारूप में लंबे समय तक तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहे लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने हाल के दिनों में इस नंबर पर कुछ अन्य बल्लेबाजों को आजमाया। टी20 विश्व कप के दौरान ऋषभ पंत को इस नंबर पर भेजा गया लेकिन उन्हें खास सफलता नहीं मिली।

### दक्षिण अफ्रीका में टी20 श्रृंखला में जीत विशेष

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम के मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत को विशेष करार दिया। लक्ष्मण ने एक्स पर पोस्ट किया,



'जिस तरह से हमारे खिलाड़ी पूरी श्रृंखला में खेले उससे मुझे वास्तव में उन पर बहुत गर्व है। श्रृंखला में 3-1 से जीत विशेष प्रयास का परिणाम है। सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन कप्तानी की। संजू सैमसन और तिलक ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाया तो गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन असाधारण रहा।'

### गंभीर की कोचिंग शैली ठीक नहीं

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने कहा कि गौतम गंभीर की कोचिंग की शैली भारतीय टीम के लिए शायद अच्छी नहीं हो। अगर वे 22 नवंबर से पर्थ टेस्ट में मजबूत शुरुआत करने में विफल रहते हैं तो आगे का




लंबा सत्र उनके लिए मुश्किल हो सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में 0-3 की हार से सदमे से उबर रही गंभीर की कोचिंग वाली टीम को अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का बचाव करने की चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसकी शुरुआत पर्थ टेस्ट से होगी।

### डार, रियाज पीसीबी के केंद्रीय करार से बाहर

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को केवल 16 महिला क्रिकेटरों को केन्द्रीय अनुबंध प्रदान किया जिससे पूर्व कप्तान निदा डार सहित कुछ अन्य अनुभवी खिलाड़ियों को बाहर रखा गया। अनुभवी डार, आलिया रियाज और सिदरा नवाज के साथ अनोशा नासिर, इमान फातिमा और शवाल जुल्फिकार को नए अनुबंध में जगह नहीं मिली है। बोर्ड ने पिछले साल 20 खिलाड़ियों को 12 महीने के लिए करार दिया था। पीसीबी के एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि टीम का हालिया प्रदर्शन खराब रहा है।

# रोनाल्डो ने दागा रिकॉर्ड 135वां गोल, पुर्तगाल ने पोलैंड को 5-1 से हराया



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल के दम पर पुर्तगाल ने शुक्रवार को पोलैंड को 5-1 से हराकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड ने क्रोएशिया को 1-0 से हराकर नौ मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज करके टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर पर बने रहने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं।

ग्रुप ए4 में पहले ही अपना पहला स्थान सुनिश्चित कर चुके स्पेन ने कोपेनहेगन में डेनमार्क को 2-1 से हराया। फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन और पुर्तगाल क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।रोनाल्डो ने पोर्टो में खेले गए मैच में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पेनल्टी किक पर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 134वां गोल किया और फिर कुछ देर बाद ओवरहेड किक पर गोल करके पुर्तगाल की तरफ से अपने कुल गोल की संख्या 135 पर पहुंचा दी। पोलैंड की इस हार से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

## नेशंस लीग : फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन और पुर्तगाल क्वार्टर में बना चुके जगह



### रोमानिया-कोसोवो का मैच रद्द

*बुखारेस्ट में रोमानिया और कोसोवो के बीच मैच को इंजरी टाइम में रोक दिया गया और बाद में इसे गोल रहित ड्रॉ पर रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हुई और कोसोवो के खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए ने यह नहीं बताया कि खेल को बीच में क्यों रोक दिया गया लेकिन कथित तौर पर कोसोवो के खिलाड़ी सर्बियाई समर्थक नारे सुनकर नाराज थे।*

### उरुग्वे ने कोलंबिया को 3-2 से हराया

मोंटेवीडियो। उरुग्वे ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग फुटबॉल में शुक्रवार को खेले गए मैच में आखिरी मिनट में किए गए गोल के दम पर कोलंबिया को 3-2 से हराया। यह उरुग्वे की एक साल में घरेलू मैदान पर पहली जीत है। जुआन फर्नांडो क्विंटेरो ने 31वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के बाएं किनारे से फ्री किक पर गोल करके कोलंबिया का खाता खोला लेकिन उरुग्वे ने 57वें मिनट में डेविंसन सांचेज़ के आत्मघाती गोल से बराबरी कर ली। मोंटेवीडियो में मैच का सबसे नाटकीय क्षण इंजुरी टाइम में आया। आंद्रे गोमेज़ ने 96वें मिनट में कोलंबिया के लिए बराबरी का गोल किया, लेकिन मैनुअल उगार्टे ने चार मिनट बाद गोल दागकर उरुग्वे को जीत दिला दी।

## महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : सेमीफाइनल में बनाई जगह

# भारत की लगातार चौथी जीत चीन को 3-0 से दी करारी मात

एजेंसी ▶▶| राजगीर

गत चैंपियन भारत ने शनिवार को यहां ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 3-0 से हराकर उलटफेर करते हुए महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत ने संगीता कुमारी (32वें मिनट) और कप्तान सलीमा टेटे (37वें मिनट) की मदद से दो मैदानी गोल किए जबकि टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर दीपिका (60वें मिनट) ने अंतिम मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। विश्व में छठे नंबर की टीम चीन के खिलाफ यह भारत की टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत है। अब दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत चार मैच में आठ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। चीन चार मैच में छह अंक से दूसरे स्थान पर खिसक गया है। भारत अपना राउंड रॉबिन अभियान रविवार को जापान के खिलाफ खत्म करेगा। छह टीमों के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।



**क्वार्टर 1**

भारत ने शुरू से ही आक्रामक रुख अख्तियार किया और कई मौके बनाए। हालांकि उसे सफलता नहीं मिली क्योंकि चीन की टीम का अपने क्षेत्र में डिफेंस शानदार रहा। भारत को मैच के शुरुआती मिनट में ही लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम ने दोनों ही मौकों को गंवा दिया। कुछ मिनट बाद शर्मिला देवी ने सुनेलिता टोप्पो को पास दिया। इससे दीपिका गोल करने के प्रयास में विपक्षी गोलकीपर के साथ आमने सामने आ गईं जिन्होंने उन्हें गोल नहीं करने दिया। चीन ने पहले क्वार्टर में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति मजबूत रही।

**क्वार्टर-2**

भारत ने 21वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पांच मिनट बाद भारत ने एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन मनीषा चौहान की फ्लिक को चीन की गोलकीपर टिंग ली ने रोक लिया और फिर लालरेमसियामी का रिबाउंड का प्रयास विफल हो गया। इससे पहले हाफ में कोई गोल नहीं हो सका।

**क्वार्टर-3**

भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में उसी लय से वापसी की और नियंत्रण बनाए रखा। 32वें मिनट में आखिरकार उनके प्रयासों का फल मिला जब संगीता ने सुशीला चानू के पास को मिडफील्ड से छकाते हुए गोल में बदल दिया। पांच मिनट बाद भारतीयों ने एक और बेहतरीन मैदानी गोल करके अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।

**क्वार्टर 4**

भारतीयों ने चीन पर दबदबा बनाए रखा। चीन की टीम ने भी पूरी कोशिश की लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति को भेद नहीं सकी। गोल के लिए बेताब चीन ने मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले ही अपने गोलकीपर को हटा लिया और यह दाव उल्टा पड़ गया। भारत ने खेल के अंतिम मिनट में अपना तीसरा गोल कर दिया। संगीता ने अंतिम मिनट में भारत के लिए चौथा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और दीपिका ने मौके का फायदा उठाते हुए टूर्नामेंट में अपना सातवां गोल किया।

### ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान से जीती टी20 श्रृंखला

**सिडनी।** तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 26 रन पर पांच विकेट चटकाए। इससे ऑस्टेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शनिवार को पाकिस्तान को 13 रन से शिकस्त देकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। जॉनसन ने पाकिस्तान के शीर्ष क्रम को झकझोरा जिससे जीत के लिए 148 रन का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम आखिरी ओवर में 134 रन पर आउट हो गई। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद मैथ्यू शॉर्ट (32 रन) और जैक फ्रेजर मैकगुर्क (20 रन) ने 20 गेंद में 50 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को तेज शुरुआत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया का यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक है। ग्लेन मैक्सवेल 20 गेंद में 21 रन बनाए।

# मुंबई की सेना पर नौ विकेट से आसान जीत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिद्देश लाड और अंगकृष रघुवंशी के नाबाद अर्धशतकों की मदद से मुंबई ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के चौथे और अंतिम दिन सेना पर नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की।मुंबई ने सुबह एक विकेट पर 24 रन से आगे खेलना शुरू किया और 35.4 ओवर में 135 रन का लक्ष्य हासिल किया। लाड (नाबाद 73) और रघुवंशी (नाबाद 55) ने दूसरे विकेट के लिए 128 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे मुंबई ने पालम मैदान पर खेले गए मैच में एक विकेट पर 137 रन बनाए।

सेना की टीम ने अपनी पहली पारी में 240 और दूसरी पारी में 182 रन बनाए थे। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 288 रन बनाकर 48 रन की बढ़त हासिल की थी। इस जीत से मुंबई के पांच दौर के बाद 22 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप ए में बड़ौदा (27) और जम्मू-कश्मीर (23) के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

# स्वियाटेक की जीत से क्वार्टर में पोलैंड, ब्रिटेन से हारा जर्मनी

एजेंसी ▶▶| मलागा

पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने स्पेन की पाउला बडोसा को हराकर अपने देश को बिली जीन किंग कप फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया जबकि ब्रिटेन ने जर्मनी को बाहर का रास्ता दिखाया।

दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियाटेक ने इनडोर हार्डकोर्ट पर विश्व की 12वें नंबर की खिलाड़ी बडोसा को 6-3, 6-7 (7), 6-1 से हराकर पोलैंड की अंतिम आठ में जगह पक्की की जहां उसका सामना चेक गणराज्य से होगा। इससे पहले पोलैंड की मेग्डा लिनेट ने स्पेन की सारा सोरिब्स को 7-6 (8), 2-6, 6-4 से हराया था। इस तरह से मेजबान स्पेन टूर्नामेंट से



बाहर हो गया। एक अन्य मुकाबले में ब्रिटेन की खिलाड़ियों ने जर्मनी की खिलाड़ियों पर दबदबे वाली जीत दर्ज की। एम्मा राडुकानु ने जूल नीमियर को 6-4, 6-4 से पराजित करके ब्रिटेन को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद केटी बौल्टर ने लॉरा सीगमुंड को 6-1, 6-2 से हराकर ब्रिटेन की जीत सुनिश्चित की। क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन का मुकाबला मौजूदा चैंपियन कनाडा से होगा।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

# अब शुभमन गिल चोटिल पर्थ टेस्ट से लगभग बाहर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/पर्थ

भारत को शनिवार को एक और बड़ा झटका लगा जब शीर्ष क्रम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया जिसके कारण वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रहे पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं।

भारत की पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली जीत के युवा नायकों में से एक गिल बल्लेबाजी के मुख्य आधार हैं और अगर कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट से बाहर हो जाते हैं तो भारत का शीर्ष क्रम कमजोर दिख सकता है। टीम को दो टुकड़ों में विभाजित करके कराए गए अभ्यास मैच के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय गिल को चोट लगी। वह चोट के बाद काफी दर्द में दिख रहे थे और स्कैन के लिए तुरंत मैदान से बाहर चले गए। इस मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र के अनुसार गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर है और टेस्ट शुरू होने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है इसलिए इस स्टाइलिश दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए शुरुआती मैच के लिए समय पर फिट होना लगभग असंभव होगा।

### मैदान पर नहीं उतरे राहुल

लोकेश राहुल को भी टीम के अभ्यास मैच के शुरुआती दिन प्रसिद्ध कृष्णा की शॉर्ट गेंद से कोहनी में चोट लगी है और उन्हें मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। राहुल के चोट वाले हिस्से पर 'आइसिंग' की जरूरत पड़ी और वह शनिवार को अभ्यास के दूसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे। हालांकि ऐसा एहतियात के तौर पर किया गया। अगर गिल अनुपस्थित रहते हैं तो अभिमन्यु ईश्वरन को टेस्ट पदार्पण का मौका मिल सकता है क्योंकि भारत के पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं।

# कॉर्लसन और कैटरीना ने बनाई बढ़त, दूसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और तीन बार की विश्व महिला ब्लिट्ज चैंपियन कैटरीना लैग्नो शनिवार को यहां टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज 2024 के मध्य में शीर्ष स्थान जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा दूसरे स्थान पर रहे।

कार्लसन ने संभावित नौ में से 6.5 अंक से पहले नौ दौर का समापन किया। नॉर्वे के इस दिग्गज खिलाड़ी ने शानदार शुरुआत की लेकिन आठवें दौर में अर्जुन एरिगेसी

इंडिया ब्लिट्ज 2024



ने उन्हें शानदार अंदाज में महज 20 चाल में हरा दिया। दिन के अंतिम दौर में कार्लसन ने विदित गुजराती के खिलाफ ड्रा खेला। भारत के युवा खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा छह अंक से दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने अपनी पहली तीन बाजियां गंवाने के बाद शानदार वापसी कर लगातार छह जीत दर्ज कीं। एरिगेसी और रूस के दानिल डुबोव 5.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। महिला वर्ग में लैग्नो ने सात अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने पांच जीत और चार ड्रॉ खेले। उन्हें एक भी बाजी में हार नहीं मिली। वैलेंटिना गुनिना उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं जबकि रैपिड चैंपियन एलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना पांच अंक से तीसरे स्थान पर हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी : दौरे के नए कार्यक्रम में पीओके नहीं

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारत के कड़े विरोध पर तुरंत अमल करते हुए पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के प्रदर्शनी दौरे के लिए शनिवार को जारी कार्यक्रम में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के शहरों को शामिल नहीं किया।

ट्रॉफी अब खैबर पख्तूनवाला क्षेत्र के एबटाबाद के अलावा कराची, रावलपिंडी और इस्लामाबाद में प्रदर्शित की जाएगी। ट्रॉफी सबसे पहले पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रदर्शित की



जाएगी। इसके बाद वह देश के अन्य शहरों तक्षशिला और खानपुर (17 नवंबर), एबटाबाद (18 नवंबर), मुरी (19 नवंबर) और नाथिया गली (20 नवंबर) की यात्रा करेगी। उसकी इस यात्रा का समापन कराची (22-25 नवंबर) में होगा।

## रणजी ट्रॉफी : बंगाल ने 15 साल बाद मप्र पर दर्ज की रोमांचक जीत

# शमी के 7 विकेट से बढ़ी ऑस्ट्रेलिया जाने की संभावना

एजेंसी ▶▶| इंदौर

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चोट से वापसी पर 43.2 ओवर की गेंदबाजी में सात विकेट चटकाने के साथ ताबड़तोड़ 36 रन की पारी खेली। इससे बंगाल ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में शनिवार को यहां मध्यप्रदेश पर 11 रन से रोमांचक जीत दर्ज की।

बंगाल की टीम की यह मध्यप्रदेश पर पिछले 15 साल में पहली जीत है और इस शानदार प्रदर्शन के बाद शमी का बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के लिए



ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय टीम में शामिल होना लगभग तय हो गया। शमी की मौजूदगी ने बंगाल का हौसला बढ़ाया जिससे टीम ने 338 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए मध्यप्रदेश की दूसरी पारी को 326 रन पर समेट दिया। शमी ने दूसरी पारी में 24.2 ओवर में 102 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने इस दौरान कुमार कार्तिकेय का विकेट चटकाकर टीम की जीत पक्की की। इस जीत से बंगाल की टीम को छह अंक मिले जिससे टीम कुल 14 अंक के साथ तालिका में हरियाणा (20) और केरल (18) के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गई। शमी ने पहली पारी में 19 जबकि दूसरी पारी में 24.2 ओवर गेंदबाजी की।

### गुजरात ने रोमांचक ड्रॉ खेला, विदर्भ शीर्ष पर

**नागपुर।** गुजरात की टीम शुक्रवार को यहां ग्रुप बी रणजी ट्रॉफी मैच में विदर्भ के तीन खिलाड़ियों के शतकों के बावजूद ड्रॉ कराकर एक अंक हासिल करने में सफल रही। पहली पारी में मेहमान टीम के 343 रन के जवाब में मेजबान टीम दानिश मालेवार (115), करुण नायर (123) और कप्तान अक्षय वाडकर (नाबाद 114) के शतकों की मदद से नौ विकेट पर 545 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। विदर्भ ने चौथे दिन बीती रात के आठ विकेट पर 512 रन से आगे खेलना शुरू किया। वाडेकर 104 रन और प्रफुल्ल हिंगे 26 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दिन के स्कोर में 21 रन जोड़ने के बाद हिंगे को 40 रन पर अर्जन नागवासवाला ने आउट कर दिया और मेजबान टीम ने 12 रन और बनाने के बाद पारी घोषित की जिससे उसे 202 रन की बढ़त मिली।

स्वात्वाधिकारीः प्रकाशक एवं मुदकः पंकज गर्ग द्वारा नमस्ते राजस्थान 14/71, प्रेम भवन, चितौडवालो की हवेली के पास, इंद्रा मार्केट के सामने, शाम की सब्जी मंडी रोड, भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 से प्रकाशित एवं डीबी कॉर्प लि. दैनिक भास्कर प्रिंटिग प्लांट, 12 इंद्रा सर्किल, गठिलाखेडा, शारदा ड्रिम कॉलोनी के पास चितौड रोड़, भीलवाड़ा राजस्थान से मुदित। संपादकः पंकज गर्ग, कार्यालय नंबरः 01482-455184, मों. 9214417111, 8005910698, E-MAIL:namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com